# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023 | वर्ष – 68 | अंक – 21 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ खेल में खनकती पूंजी ■ मौत वाली कार्य संस्कृति 04
■ 7000 फिलिस्तीनी रिहा करो और अपने... ■ अमेरिका के आरोपों से कनाडा को मिला... 09
■ शहरी बेरोजगारी दर 6.6 फीसदी पर रही... ■ बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स... 11
■ टेस्ट क्रिकेट खेलने की... ■ भारत दौरे पर हम अपना... 10

### संसद का शीतकालीन सत्र 4 से हो रहा शुरू

# सरकार ने सूचीबद्ध किए 18 विधेयक

## कल सर्वदलीय बैठक बुलाई गई



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद का शीतकालीन सत्र अगले सप्ताह 4 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। सरकार की ओर से इस सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को बढ़ाने वाले दो और आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयकों को सूची बद्ध किया गया है।

इसकी जानकारी लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार कश्मीरी प्रवासियों,पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के विस्थापितों और अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सदस्यों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक,2023, जम्मू और कश्मीर विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल

शीतकालीन सत्र के लिए विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल हैं। इनमें से दो महिला कोटा विधेयक भी शामिल हैं। सरकार के एजेंडे में 33 लंबित विधेयकों के बैकलॉग को संबोधित करना भी शामिल है,जिनमें से 12 विचार और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध हैं। लंबित विधेयकों में तीन आपराधिक कानून संशोधन विधेयक भी शामिल हैं, जिन्हें मानसूत्र में ही लोकसभा में पेश किया गया था। बाद में इन्हें स्थायी समिति के पास भेज दिया गया था। फिलहान समिति ने अपनी रिपोर्ट गृहमंत्रालय को सौंप दी है।

# प्रधानमंत्री ने 50 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

### जनता के जीवन में सुगमता के लिए समर्पित हों कर्मचारी : मोदी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के पत्र वितरित किए और उनका आह्वान किया कि वे देश की जनता जनार्दन के जीवन में सुगमता लाने के लिए सत्य निष्ठा से खुद को खपाने के लिए तैयार रहें।

श्री मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह कहा। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल में केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्ती कर्मचारी भी शामिल थे। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है।

## देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने दस दिन आगे बढ़ाई राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022

**भोपाल।** दिसंबर माह के 20 दिनों में तीन परिक्षाएं आयोजित करने के विरोध को देखते हुए मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षा तिथि आगे बढ़ाई। पहले राज्य सेवा परीक्षा दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित की गई थी, लेकिन उसे अब दस दिन आगे बढ़ा दिया गया है। आठ से 13 जनवरी के बीच राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 होगी। पीएससी ने परीक्षा का नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 8 जनवरी को सामान्य अध्ययन-1 9 जनवरी को सामान्य अध्ययन-2, 10 जनवरी को सामान्य अध्ययन-3, 11 जनवरी को सामान्य अध्ययन-4, 12 जनवरी को सामान्य हिन्दी और व्याकरण,13 जनवरी को हिन्दी निबंध व प्रारुप लेखन की परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। उधर पीएससी ने सहायक कुलसचिव के साक्षात्कार भी फिलहाल रद्द कर दिए हैं। अभी उसकी नई तिथि घोषित नहीं हुई है। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पहले दिसंबर माह में तीन परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की थी।

### ओरेवा ग्रुप के मालिक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जयसुख पटेल के वकील से कहा- आप जमानत के लिए फिलहाल निचली अदालत या हाईकोर्ट जाएं।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- तरह-तरह के आ रहे एक्जिट पोलों की खबर नहीं ली।

**चुहिया- हां प्रिये**- इस पचड़े में कौन पड़े, 3 दिसम्बर को सीधे सही-सही जानकारी प्रकाशित करेंगे।

# तेलंगाना में 5 बजे तक 63.94 फीसदी मतदान

**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 5 बजे 63.94 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आदिलाबाद में मतदान करने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। मतदान के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए।

अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ। तेलंगाना में कुल 2290 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

## मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ शिकायत दर्ज

# शिवराज ने ली इस कार्यकाल में मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक

## बिना एजेंडे की बैठक में अधिकारियों को भी बुलाया



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नई सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 3 तारीख तो राज्य को नई सरकार मिल जाएगी। इससे पहले आज 30 नवंबर को मंत्रालय में वर्तमान सरकार की ये अंतिम बैठक थी। इस बैठक में सीएम शिवराज ने गुरूवार की बैठक में मंत्रियों के साथ सभी एसीएस, पीएस और सचिवों को बुलाया था। हालांकि इस बैठक का कोई एजेंडा नहीं था।

कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश के वर्तमान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि इस टर्म कि अंतिम बैठक हो गई है। पौने चार साल में ऐतिहासिक काम किया, मुख्यमंत्री तो हमारे ऐतिहासिक है ही, इतने लंबे समय तक मध्य प्रदेश में कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा। इस दौरान कोरोना काल पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने खुद बताया कि कोरोना काल में जब हम सरकार में आए थे और जो मजदूरों की सेवा की वह ऐतिहासिक काम था। बैठक में भाजपा सरकार की गरीब कल्याण योजना और लाडली बहन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि- ये नवाचार मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हुए वह पूरे देश ने स्वीकार की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रियों का और मंत्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। दूसरी महिला मुख्य सचिव बनाए जाने को लेकर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि- यह बहुत अच्छी बात है उनका स्वागत है।

## कांग्रेस बोली -मतगणना से पहले अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश

**भोपाल।** इस कैबिनेट बैठक को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा है कि- ये भाजपा की मतगणना में दबाव डालने की कोशिश है। बिना एजेंडे की कैबिनेट बैठक एक साजिश है। चुनाव को प्रभावित करने की साजिश। यह बैठक अधिकारियों पर दवाब बनाने के लिए की जा रही है। शर्मा ने कहा यह लोकतंत्र के खिलाफ कदम है।

# देश में अब हाइड्रोजन टेन दौड़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश के अधिकांश हिस्सों में रेलवे का विद्युतीकरण हो जाने के बाद अब हाइड्रोजन ईंधन से रेलगाड़ियों को दौड़ाने की है। इसके लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का निर्माण किया जा रहा है।

उम्मीद जताई जा रही है कि पहली हाइड्रोजन रेलगाडी 2024 से के आखिर तक हरियाणा के जिंद से चलाई जा सकती है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ देशों ने हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाडियों की प्रौद्योगिकी हासिल कर ली है। भारत भी इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। संभावना है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक रेलवे एक प्रोटोटाइप का विकास करने में सफल हो जाएगा।

वैष्णव ने कहा कि इस तकनीक के आधार पर रेलगाड़ियों का निर्माण घरलू और अंतरराष्ट्रीय रेलवे प्रणाली निर्माताओं के साथ साझेदारी में किया जाएगा। प्रोटोटाइप तैयार हो जाने के बाद ग्लोबल फर्मों की रुचि के लिए आमंत्रण अगले साल जारी किया जा सकता है।

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी का किया जा रहा निर्माण

# गुजरात में जहरीला सिरप पीने से 5 की मौत

**अहमदाबाद,(एजेंसियां)।** गुजरात के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मिथाइल अल्कोहल युक्त आयुर्वेदिक सिरप पीने से पिछले दो दिन में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खेड़ा जिले में नडियाड शहर के निकट बिलोदरा गांव में एक दुकानदार द्वारा 'कालमेघसव-आसव अरिष्ट' नामक आयुर्वेदिक सिरप लगभग 50 लोगों को बेचा गया था। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा कि एक ग्रामीण के रक्त के नमूने की रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि सिरप बेचने से पहले उसमें मिथाइल अल्कोहल मिलाया गया था।

# कुछ भी मुफ्त नहीं दिया जाना चाहिए

## चुनावी रेवड़ी पर नारायण मूर्ति ने दिया यह सुझाव



**नई दिल्ली।** चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की तरफ से विभिन्न तरह की मुफ्त सुविधाएं देने के वादों के बीच सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने कहा है कि कुछ भी मुफ्त नहीं दिया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली सेवाओं और सब्सिडी का लाभ उठाने वाले लोगों को समाज की भलाई के लिए योगदान देना चाहिए। सॉफ्टवेयर क्षेत्र के दिग्गज मूर्ति ने यह भी कहा कि भारत जैसे गरीब देश को समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए उदार पूंजीवाद ही एकमात्र समाधान है।

मूर्ति ने उदाहरण देते हुए समझाया, अगर आप कहते हैं कि मैं आपको मुफ्त बिजली दूंगा, तो सरकार के लिए बहुत ही अच्छी बात है। लेकिन आपको यह भी कहना चाहिए कि अगर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति 20 फीसदी तक हो जाएगी, तब हम आपको यह सुविधाएं देंगे। वह यहां बंगलूरू टेक समिट 2023 के 26वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। आईटी उद्योग के दिग्गज ने कहा, मैं मुफ्त सेवाएं मुहैया कराए जाने के खिलाफ नहीं हूं। मैं इसे अच्छी तरह समझता हूं क्योंकि मैं कभी गरीब पृष्टभूमि से आया था। लेकिन मैं सोचता हूं कि मुफ्त सुविधाओं का लाभ लेने वाले लोगों से बदले में उनकी ही भावी पीढ़ी की भलाई के लिए कुछ योगदान लिया जाना चाहिए।

# एमपी ओपन स्कूल बोर्ड ने जारी किया 10वीं, 12वीं का परीक्षा कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने वर्ष 2023 परीक्षाओं के लिए कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की डेटशीट जारी कर दी है। कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षाएं रुक जाना नहीं और आओ लौट चले योजना के तहत आयोजित की जाएंगी। कक्षा 10वीं की एमपीएसओएस की परीक्षाएं 15 दिसंबर से शुरू होंगी, वहीं एमपी बोर्ड ओपन स्कूल कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 13 दिसंबर से शुरू होंगी। छात्र जो भी इस परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं, वे एमपीएसओएस की आधिकारिक वेबसाइट mpsosĐnicĐin पर जाकर डेटशीट चेक कर सकते हैं। एमपीएसओएस कक्षा 10वीं की परीक्षा 15 दिसंबर से 28 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी। कक्षा 12वीं एमपीएसओएस की परीक्षा 13 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी।

**दसवीं के परचे इस प्रकार होंगे-**

15 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)- गणित
18 दिसम्बर 2023 (सोमवार)- संस्कृत
19 दिसंबर 2023 (मंगलवार)- साइंस
20 दिसंबर 2023 (बुधवार)- हिंदी
21 दिसम्बर 2023 (गुरुवार)- सोशल साइंस
22 दिसंबर, 2023 (शुक्रवार)- अंग्रेजी
26 दिसंबर 2023 (मंगलवार)- उर्दू
27 दिसंबर, 2023 (बुधवार) एनएसक्यूएफ विषय - आई.टी. और आईटीईएस, निजी सुरक्षा, सौंदर्य और कल्याण, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, खुदरा, परिधान निर्मित यूपीएस और होम फर्निशिंग, कृषि, प्लांबरिंग
28 दिसंबर, 2023 (गुरुवार) मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, पेंटिंग, तबला वादन, तबला, कंप्यूटर

**12वीं के परचे इस प्रकार होंगे-**

13 दिसंबर 2023 (बुधवार) भौतिकी, अर्थशास्त्र, पशुपालन दुग्ध व्यापार, मुर्गी पालन एवं मत्स्य पालन, विज्ञान का तत्व, भारतीय कला का इतिहास
14 दिसंबर 2023 (गुरुवार) समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, कृषि, ड्राइंग और डिजाइनिंग, गृह विज्ञान (168), बुक कीपिंग और अकाउंटेंसी
15 दिसंबर, 2023 (शुक्रवार) रसायन विज्ञान, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि, गृह प्रबंधन पोषण और वस्त्र के लिए उपयोगी विज्ञान और गणित के तत्व
18 दिसंबर 2023 (सोमवार) गणित, राजनीति विज्ञान
19 दिसंबर 2023 (मंगलवार) जीव विज्ञान
20 दिसंबर 2023 (बुधवार) हिंदी
21 दिसंबर, 2023 (गुरुवार) अंग्रेजी
22 दिसंबर, 2023 (शुक्रवार) भूगोल, फसल उत्पादन और बागवानी, एनाटॉमी फिजियोलॉजी और स्वास्थ्य, स्थिर जीवन और डिज़ाइनर
26 दिसंबर, 2023 (मंगलवार) सूचना विज्ञान अभ्यास
27 दिसंबर 2023 (बुधवार) उर्दू
28 दिसंबर 2023 (गुरुवार) संस्कृत
29 दिसंबर, 2023 (शुक्रवार) एनएसक्यूएफ
30 दिसंबर, 2023 (शनिवार बायोटेक्नोलॉजी, गायन वादन, तबला।

एमपीएसओएस की कक्षा 10वीं की परीक्षाएं दोपहर की पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक और एमपीएसओएस 2023 कक्षा 12वीं की परीक्षाएं सुबह 9 -12 बजे तक आयोजित की जाएंगी।







### योजना — भारतीय रेलवे का नया कदम

# रेलवे ट्रैक पर हाथियों की रक्षा करेगा 'गजराज'



## हर साल करीब 20 हाथियों की होती है मौत

**नई दिल्ली।** देशभर के अलग अलग शहरों से कई बार रेलवे ट्रैक पर हाथियों के एक्सिडेंट की घटनाएं सामने आती रहती हैं। जिन राज्यों में हाथियों की संख्या अधिक है वहां से ऐसी घटनाएं अधिक सामने आती है।

रेलवे ट्रैक पर एक्सिडेंट से हाथियों की मौत को रोकने के लिए भारतीय रेलवे ने एक नई तकनीक विकसित की है। रेलवे की तरफ से एक नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो हाथियों के एक्सिडेंट को रोकने का काम करेगा।

भारतीय रेलवे ने हाथियों के एक्सिडेंट की घटनाओं में लगाम लगाने के मकसद से एक आर्टिफिशियल बेस्ड सॉफ्टवेयर तैयार किया है। रेलवे ने इस सॉफ्टवेयर को 'गजराज' नाम दिया है। रेलवे ने इस एआई सॉफ्टवेयर को इंस्टाल करने का भी काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह गजराज सिस्टम ठीक उसी तरह से काम करेगा जैसे कवच सिस्टम काम करता है। भारत में कई जगहें ऐसी हैं जहां पर हाथियों की आबाद काफी ज्यादा है। ऐसी जगहों से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर कई बार हाथी भी पहुंच जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 20 हाथियों की हर साल रेलवे ट्रैक पर एक्सीडेंट से मौत हो जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे ने,द्व सॉफ्टवेयर गजराज तैयार किया है।

**700 किलोमीटर में लगाया जाएगा सॉफ्टवेयर**- रेल मंत्री ने बताया कि ट्रेन एक्सीडेंट से हाथियों की रक्षा के लिए कवच प्रणाली की ही तरह गजराज को तैयार किया गया है। इस एआई सॉफ्टवेयर को असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तमिलनाडु, केरल और झारखंड में करीब 700 किलोमीटर पर इसे इंस्टाल किया जाएगा।

**इस तरह से काम करेगा गजराज**-उन्होंने बताया कि गजराज सॉफ्टवेयर को ओएफसी लाइन पर सेंसर के सहारे सेट किया जाएगा। यह सॉफ्टवेयर 200 मीटर की दूरी से हाथियों के पैरों के चलने की तरंगों को पहचान कर लोकोपायलट को अलार्म देगी। अलार्म बचते ही लोकोपायलट यह समझ जाएगा कि ट्रैक पर या फिर उसके पास हाथी हैं और उसे ट्रेन की स्पीड को धीमा करने का मौका मिल जाएगा।

# देश-विदेश

## भारत ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। श्री मोदी ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के कार्यकाल के अंतिम दिन एक लेख में उम्मीद जताई कि इन इन क्षेत्रों में आगे भी तेजी से काम किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा, अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

# धरती के स्वर्ग ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

## बर्फ के गिरते ही सैलानियों को पुकारने लगा कश्मीर, सर्दियों में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका गुलमर्ग

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बर्फ की चादर में लिपटा हुआ है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जमकर बर्फबारी हुई है। बर्फ के गिरते ही विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग सैलानियों को पुकारने लगा है क्योंकि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाके में बसा गुलमर्ग सर्दियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उत्तरी कश्मीर में स्थित यह सुरम्य स्थान, बर्फ से ढके परिदृश्यों से सुसज्जित एक मनोरम स्वर्ग में बदल चुका है, जो रोमांच और शांति



की तलाश करने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह सच है कि बर्फ से ढका गुलमर्ग पर्यटकों और साहसिक खेलों के प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है।

समुद्र तल से लगभग 8,694 फीट की ऊंचाई पर, गुलमर्ग सर्दियों के महीनों के दौरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका है। बर्फ से ढका यह इलाका आगंतुकों और साहसिक प्रेमियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है, जो इसे एक पसंदीदा गंतव्य बना रहा है। बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय स्तर के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गुलमर्ग, खुद को शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर चुका है। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्की रिसॉर्ट हैं, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और विभिन्न शीतकालीन खेलों के अवसर प्रदान कर रहे हैं।

इसका आकर्षक इलाका दुनिया भर से साहसिक चाहने वालों और पेशेवर एथलीटों को आकर्षित कर रहा है। गुलमर्ग में केबल कार की सवारी गोंडोला दुनिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है, जो लुभावनी यात्रा पर निकलने वाले आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान कर रही है। गोंडोला की सवारी माउंट अफरवाट तक जाती है, जहां आगंतुकों को विस्मयकारी मनोरम दृश्यों का आनंद मिलता है।

## हमास की चाल, खास बंधकों को छोड़ने के लिए कर दी इस्राइली जेलों में बंद सभी फलस्तीनियों को रिहा करने मांग

**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच एक महीने से अधिक समय से जारी संघर्ष पर फिलहाल विराम लगा हुआ है। सात अक्तूबर को आतंकियों ने इस्राइल पर हमला कर कई सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें सैनिक भी शामिल हैं।



हालांकि, अब एक समझौते के तहत कुछ बंधकों को रिहा करा लिया गया है। इस बीच हमास ने इस्राइल के सामने एक नया ऑफर रखा है। उसका कहना है कि अगर इस्राइल फलस्तीनी कैदियों को छोड़ता है तो उसके बदले में उसके सभी सैनिकों को रिहा कर दिया जाएगा।

**कठिन बातचीत से गुजर रहा**-हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी और गाजा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बासेम नईम ने कहा कि समूह संघर्ष विराम को बढ़ाने के लिए कठिन बातचीत से गुजर रहा है। नईम ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान पत्रकारों से कहा कि वह इस्राइल में बंद अपने सभी कैदियों के बदले में सभी इस्राइली सैनिकों को रिहा करने के लिए तैयार हैं। बता दें, संघर्ष विराम आज यानी गुरुवार को समाप्त होने वाला है।

गौरतलब है, हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था। वहीं 1200 लोग मारे गए। वहीं इस्राइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में 15000 से अधिक लोग मारे गए। अब संघर्ष विराम समझौते के तहत 60 इस्राइली बंधकों और 180 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया गया है। हालांकि, समझौते के तहत हमास द्वारा बंधक बनाए गए सैनिकों को बाहर रखा गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि आतंकी समूह सैनिकों का इस्तेमाल किसी बड़े सौदे के रूप में कर सकते हैं।

**पहले भी हो चुका है समझौता**-साल 2011 में इस्राइली सैनिक गिलाद शालित के लिए एक हजार से अधिक फलस्तीनियों का आदान-प्रदान किया गया था। समूह का कहना है कि सात हजार से अधिक फलस्तीनी अभी इस्राइली जेल में बंद हैं। हमास ने अक्तूबर में इस्राइल से सभी फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की थी। अब नया प्रस्ताव ऐसे समय में रखा गया है जब युद्ध को खत्म करने के प्रयास तेज हो गए हैं। हमास समूह के एक करीबी सूत्र का कहना है कि हमास संघर्ष विराम को चार दिनों तक बढ़ाने और अधिक इस्राइलियों को रिहा करने के लिए तैयार है। वहीं, नईम ने कहा, %हम स्थायी संघर्ष विराम पर बातचीत के लिए मध्यस्थों के साथ प्रयास कर रहे हैं।%

ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट

## कोर्ट ने एएसआई को दिया 10 दिन का समय

**वाराणसी, (एजेंसियां)।** वाराणसी अदालत ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और 10 दिन का समय दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। एएसआई ने तकनीकी देरी का हवाला देते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन मस्जिद समिति ने इसका विरोध किया। जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगने वाली एएसआई की याचिका पर यह आदेश दिया। एएसआई ने 28 नवंबर को याचिका दायर की थी।

## एनडीए की महिला कैडेटों के पहले बैच ने पासिंग आउट परेड में लिया हिस्सा

### यह ऐतिहासिक दिन : राष्ट्रपति

**पुणे।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की और मार्चिंग दल में महिला कैडेटों के पहले बैच की भागीदारी की सराहना की। मुर्मु ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए महिला कैडेटों को शुभकामनाएं दीं, साथ ही कहा कि आज बेटियों को अपनी पसंद का करियर चुनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पासिंग आउट परेड में लगभग 15 महिला कैडेटों ने अपने पुरुष समकक्षों के साथ भाग लिया।

**एनडीए से मिले कई बड़े सैन्य अधिकारी**-पिछले साल, 19 महिला कैडेटों का पहला बैच खडकवासला के एनडीए में शामिल हुआ था। एनडीन ने देश को कई बेहतरीन सैन्य अधिकारी दिए हैं।

**मुर्मु ने सभी कैडेटों को बधाई दी**-दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेते हैं। सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मु ने अपना कोर्स पूरा करने वाले सभी कैडेटों को बधाई दी। उन्होंने मार्चिंग दल में शामिल महिला कैडेटों को भी बधाई दी।



**देश का नाम रोशन करेंगी महिला कैडेट**-मुर्मु ने कहा कि मुझे बताया गया कि 2022 से अकादमी में महिला कैडेटों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है।आज पहली बार महिला कैडेट मार्चिंग दल का हिस्सा थीं। उन्होंने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है और मुझे यकीन है कि महिला कैडेट एनडीए और देश का नाम नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। मुर्मु ने मित्र देशों के विदेशी कैडेटों को उनका कोर्स पूरा करने पर बधाई भी दी। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान उपस्थित थे।

## पाकिस्तान में जैश कमांडर यूनुस खान को गोलियों से भून गए अज्ञात हमलावर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावर भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों को लगातार ढेर कर रहे हैं। इन अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए जीवन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है, जिनमें कई प्रमुख आतंकियों की हत्या हो चुकी है।

आतंकवादी गतिविधियों के लिए मुस्लिम युवाओं की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार यूनुस खान की हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

विशेष रूप से, यह अकेले नवंबर में इस तरह की सातवीं घटना है, और 2023 में कुल 21 भारत-विरोधी आतंकवादियों का सफाया हो चुका है। यह प्रवृत्ति पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के लिए बढ़ती चुनौती को रेखांकित करती है।

बीते कुछ महीनों में विदेशी सरजमीं पर भारत विरोधी, खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, अवतार सिंह खांडा, परमजीत पंजवार, रिपुदमन सिंह मलिक, हरविंदर रिंडा, सुखदूल सिंह, हैप्पी संघेड़ा को अज्ञात हमलावरों द्वारा ढेर कर दिया गया है।

## सुरंग हादसा : 17 साल पहले जिन्होंने 5 साल के प्रिंस को निकाला था बोरवेल से, उन्होंने बनाई पुली ट्रॉली



**उत्तरकाशी।** सुरेंद्र राजपूत ने सिलक्यारा सुरंग में रैट माइनर्स टीम के लिए पुली ट्रॉली बनाई। इस ट्रॉली से सुरंग से मलबा बाहर निकालने में मदद मिली। दिल्ली के निजामुद्दीन के रहने वाले सुरेंद्र राजपूत की उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग में फँसे 41 मजदूरों को बचाने में अहम भूमिका रही। आखिर सभी की कोशिशें रंग लाई और 17 दिनों बाद सब सही सलामत बाहर निकल आए।

दिवाली के दिन 12 नवंबर 2023 की सुबह लैंड स्लाइड से सुरंग में मलबा भरने के कारण वहाँ काम कर रहे ये 41 लोग वहीं फँस गए थे। बाहर आने के बाद उनके लिए और उनके परिवार के लिए तो मंगलवार (28 नवंबर,2023) का दिन एक तरह से दिवाली की रोशनी लेकर आया। उनकी जिंदगियों में बगैर किसी स्वार्थ के उजाला भरने वालों में इस बचाव अभियान में वैसे तो कई लोग शामिल रहे। लेकिन आखिर में आज से 17 साल पहले 21 जुलाई 2006 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र के हल्देहड़ी गाँव में 5 साल के प्रिंस के 50 फीट गहरे बोरवेल से निकालने वाली टीम का हिस्सा रहे सुरेंद्र राजपूत का तजुर्बा रंग लाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक राजपूत 18 नवंबर को ही सिलक्यारा सुरंग पहुँच गए थे।

रैट माइनर्स के लिए बनाई पुली ट्रॉली

सिलक्यारा में सुरंग में फँसे 41 मजदूरों को बचाने में जब बड़ी-बड़ी आधुनिक मशीनें फेल हो गईं तो फिर रविवार यानी 26 नवंबर को साइट पर 6 'रैट होल' माइनर्स की एंट्री हुई। झाँसी के जांबाज रैट माइनर्स परसादी लाल, राकेश और भूपेंद्र राजपूत वहाँ पहुँचे थे। इन लोगों ने रैट माइनिंग के जरिए 21 घंटे में हाथ से ही 15 मीटर तक सुरंग खोद डाली। ये लोग शायद ये काम करने में सफल नहीं होते अगर इनके पास पुली ट्रॉली नहीं होती।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**In The Court of I Civil judge, Class-I, District Court, Jabalpur**
सविता ठाकुर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(MJC SUC /0000006/2023)**
महेन्दर बाल्मीक (मेहतर)............वादी
Vs
आम जनता..........प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-28/01/2024

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता-मझौली थाना मझौली जिला जबलपुर म.प्र.।

यह कि प्रार्थी महेन्दर बाल्मीकि (मेहतर) ने आपके विरूद्ध धाररा 372 के वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - उपस्थिति हेतु।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(सविता ठाकुर)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक FA/130/2022
Publication Notice LR's of Respondent No. 01(i) Fixed for 01-12-2023 on IA 13241/2023
Process Id: 205283/2023
SARJU PRASAD and others अपीलार्थी
RAJENDRA PRASAD and others प्रत्यर्थी
सन् 2013 के RCS-A क्रमांक 9 सन् 2013 मे न्यायालय IX Additional District & Session Judge Smt. Pallavi Dwivedi, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 22-12-2021 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Anil Kumar Tiwari S/o Late Rajendra Prasad Tiwari,
R/o Vinoba Bhave Ward, Khihani,,
District- Katni (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक: कृपया सूचित करे कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 01-12-2023 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक: कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 01-12-2023 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक मे शामिल करना चाहते है, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नही है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म मे होना चाहिये :-

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या)(1) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें)(2) | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय)(3) |
| --- | --- | --- |
| | | |

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 01-12-2023 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।
आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।
अपील से संगत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।
आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
मुहर
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक FA/130/2022
Publication Notice LR's of Respondent No. 01(ii) Fixed for 01-12-2023 on IA 13241/2023
Process Id: 205284/2023
SARJU PRASAD and others अपीलार्थी
RAJENDRA PRASAD and others प्रत्यर्थी
सन् 2013 के RCS-A क्रमांक 9 सन् 2013 मे न्यायालय IX Additional District & Session Judge Smt. Pallavi Dwivedi, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 22-12-2021 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Anju Tiwari D/o Late Rajendra Prasad Tiwari,
R/o Vinoba Bhave Ward, Khihani,,
District- Katni (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक FA/130/2022
Publication Notice Respondent No. 2 Fixed for 01-12-2023 on IA 13241/2023
Process Id: 205281/2023
SARJU PRASAD and others अपीलार्थी
RAJENDRA PRASAD and others प्रत्यर्थी
सन् 2013 के RCS-A क्रमांक 9 सन् 2013 मे न्यायालय IX Additional District & Session Judge Smt. Pallavi Dwivedi, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 22-12-2021 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Anupma Tiwari W/o Late Narendra Tiwari,
R/o Behind Metro Hospital Vijaynagar Near Adhartal Jabalpur,
District- Jabalpur (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक FA/130/2022
Publication Notice Respondent No. 6 Fixed for 01-12-2023 on IA 13241/2023
Process Id: 205282/2023
SARJU PRASAD and others अपीलार्थी
RAJENDRA PRASAD and others प्रत्यर्थी
सन् 2013 के RCS-A क्रमांक 9 सन् 2013 मे न्यायालय IX Additional District & Session Judge Smt. Pallavi Dwivedi, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 22-12-2021 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Bindeshwari Patel S/o Bhairav Patel,
R/o R/o Indira Gandhi Ward Chhatrapati Shivaji Nagar Tah. And Distt. Katni (m.p.),
District- Katni (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा


## मेरी ड्यूटी अब खत्म हो गई' ड्राइवर ने बीच रास्ते में ही रोक दी ट्रेन

**बाराबंकी।** रेल विभाग में ट्रेन ड्राइवर और गार्ड की मनमानी की वजह से बुधवार दोपहर ढाई हजार से ज्यादा यात्री परेशान रहे। स्पेशल ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड ने बाराबंकी के बुढचवल स्टेशन बीच रास्ते में अचानक ट्रेन रोक कर घर चले गए। जाते-जाते इतना बता दिए कि उनकी ड्यूटी का समय खत्म हो गया और अब वे जा रहे हैं। उनकी इस मनमानी और रेल विभाग के उच्चाधिकारियों के गैरजिम्मेदाराना रवैए से यात्री करीब साढ़े तीन घंटे तक परेशान रहे। नाराज यात्रियों ने इस दौरान स्टेशन पर हंगामा करते हुए नारेबाजी की।


### नाम सुधार सूचना

मैं तबस्सुम शाह पिता स्व. कुरबान शाह TABASSUM SHAH D/o KURBAN SHAH निवासी 125, रानीदुर्गावती वार्ड, तकिया मोहल्ला, गढ़ा जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं कि-

यह कि मैं जिला जबलपुर म.प्र. की मूल निवासी हूं तथा उपरोक्त पते पर स्थायी रुप से निवास करती हूं।

यह कि मेरी कक्षा 1लीं से लेकर एम.बी.ए. तक के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम तबस्सुम बानो पिता कुरबान शाह दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/ पैन कार्ड में मेरा नाम तबस्सुम शाह दर्ज है।

यह कि मुझे भविष्य में तबस्सुम शाह पिता स्व. कुरबान शाह के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा, माना, समझा जावे।

पुराना नाम- तबस्सुम बानो
नया नाम - तबस्सुम शाह
र.नं. 1667

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंशिका श्रीवास्तव पति ब्रजेश श्रीवास्तव निवासी 1966/1, क्रान्ति कोल डिपो, द्वारका नगर, कांचघर, मिश्रवार्ड जबलपुर मध्यप्रदेश के द्वारा खसरा नं. 76/2 रकबा 0.1110 है. ख. न. 966, प.ह.नं. 23, मौजा करमेता, प.ह. करमेता तहसील अधारताल जिला जबलपुर में उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध श्रीमती भारती त्रिवेदी पति श्री स्व. मधुसुदन त्रिवेदी से कर लिया है तथा श्रीमती भारती त्रिवेदी पति श्री स्व. मधुसुदन त्रिवेदी ने उक्त संपत्ति को विक्रेता श्री जगदीश प्रसाद पिता श्री छोटेलाल सोनकर से विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 21.05.1991 के द्वारा क्रय किया था व श्रीमति अंशिका श्रीवास्तव द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध किया है। अतः जिस किसी भी वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई व्यक्ति जो उक्त संपत्ति पर अपना दखल रखता हो या किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अंदर निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें अन्यथा समय सीमा उपरांत उक्त संपत्ति को श्रीमती अंशिका श्रीवास्तव द्वारा संपत्ति क्रय कर बैनामा निष्पादित करने हेतु स्वतंत्र है। समय सीमा उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी एवं श्रीमति अंशिका श्रीवास्तव पर बंधनकारी नहीं होगी।

**चौधरी मंयक सिंह, एडव्होकेट**
म.प्र हाईकोर्ट, मो. 9229871456
मकान नं. 808, स्नेह नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002


प्रथम पृष्ठ का शेष

### संसद का शीतकालीन.....


आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इसके अलावा पुडुचेरी विधानसभा में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रावधानों को प्रस्ताव करते हुए केंद्रशासित प्रदेश प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक,2023 को भी पेश किए जाने की योजना है। सरकार ने संसद सत्र के सुचारू संचालन के बारे में बातचीत के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को संसद पुस्तकालय भवन में होगी। शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर को शुरू होगा और सरकारी कामकाज की उपलब्धता के अनुसार यह 22 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।

# देश-प्रदेश

उवाच

**कांग्रेस सभी 5 राज्यों में सरकार बनाएगी : गहलोत**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी। उन्होंने कहा, राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है - जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की टिप्पणियां सुनीं, कांग्रेस सरकार बनाएगी।



मुख्य सचिव को दी गई विदाई, मुख्यमंत्री बोले-

## इकबाल हर मापदंड पर खरे उतरे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इकबाल सिंह बैंस हर परिस्थिति में एक समान रहने वाले और सभी को समभाव से देखने वाले व्यक्ति हैं, वे हर मापदंड पर खरे उतरे, कोविड-19 की सर्वाधिक बड़ी चुनौती का उन्होंने दृढ़ता और सूझबूझ से सामना किया। श्री बैंस जनकल्याण के हर विचार के प्रति सकारात्मक रहते थे। उन्होंने जनकल्याण के लिए दिए गए हर सुझाव और विचार को प्रशासकीय दृष्टि से प्रभावी तरीके से समय-सीमा में क्रियान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में आयोजित प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के विदाई समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव श्री बैंस ने 38 साल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रदेश की सेवा की और वे जनता के कल्याण के लिए समर्पित रहे। देश-प्रदेश और समाज के लिए जीना किसे कहते हैं यह उन्होंने कर दिखाया। श्री चौहान ने कहा कि श्री बैंस ने बिना तनाव, दबाव और प्रभाव में आए अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वे अपनी बात तर्क के साथ रखते थे। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप, सीएम राइज स्कूल, आनंद विभाग, सिटीजन चार्टर का क्रियान्वयन उनकी प्रमुख उपलब्धियां रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपनी सक्रियता बनाए रखेंगे और प्रदेश हित में अपने अनुभव का योगदान देते रहेंगे, ऐसी आशा है। उनके जीवन का उत्तरार्ध उपयोगी, सार्थक, सफल हो, यही कामना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री बैंस के सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की।

### प्रशासनिक यात्रा सुखद और परिणाममूलक रही : बैंस

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए इकबाल सिंह बैंस ने कहा कि मेरी प्रशासनिक यात्रा सुखद और परिणाममूलक रही। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा मुझमें रखे गए विश्वास के परिणामस्वरूप ही मैं बड़ी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभा पाया। कर्तव्य के प्रति निष्ठा में मेरी ओर से कोई कमी नहीं रही। मेरे साथियों ने भी मेरी यात्रा में भरपूर सहयोग दिया। मैं सेवानिवृत्त जरूर हो रहा हूँ परंतु मैं आप सबके बीच ही हूँ, क्योंकि आप सभी मेरा परिवार हैं और परिवार कभी छूटते नहीं हैं, उनसे विदाई नहीं होती।

### *वीरा राणा ने मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला*



*नवागत प्रभारी मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने आज अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले मुख्य सचिव के विदाई समारोह में उन्होंने कहा कि श्री बैंस ने निर्भीकता, प्रशासनिक दक्षता और सूझबूझ के साथ कार्य किया। वे अध्यात्म के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि उनके प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शिता का लाभ प्रदेश को प्राप्त होता रहेगा।*

मुख्यमंत्री ने कहा-

## भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव एग्जिट पोल पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रतिक्रिया आई है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आंकड़ों को देख कहा कि महिलाओं का, बहनों का अभूतपूर्व स्नेह और प्रेम मिल रहा है, नतीजे अप्रत्याशित और अभूतपूर्व आएंगे। श्री चौहान ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि मध्य प्रदेश में कोई मुकाबला नहीं है और भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्यार और मार्गदर्शन, अमित शाह की रणनीति। जेपी नड्डा के नेतृत्व, हमारे कार्यकर्ताओं के प्रयासों और हमारी सरकार की योजनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि भाजपा को राज्य में बहुमत मिल रहा है।

कार्यकर्ताओं को कमलनाथ का संदेश

## अर्जुन की तरह लक्ष्य पर निगाह रखें



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एग्टिज पोल के बाद कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में उन्होंने कहा है कि वे अर्जुन की तरह लक्ष्य पर निगाह रखें। ट्वीट किया कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूँ, आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा आपसे कहा है कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया

## करीब सवा 2 लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.23 लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। इनमें वायु सेना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय से संबंधित खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है और इनमें से 2.20 लाख करोड़ रूपए की खरीद घरेलू उद्योगों से की जायेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर, युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों में सेना के लिए टाइप-2 और टाइप-3 की टैंक रोधी तोप की खरीद का प्रस्ताव शामिल है । ये तोप बख्तरबंद वाहनों और टैंकों को ध्वस्त करने में सक्षम होगी।

निर्वाचन पदाधिकारियों ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग, अधिकारियों को दिए निर्देश

## मतगणना केन्द्र में केलकुलेटर और मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मतगणना केन्द्र पर पासधारक ही प्रवेश कर सकेंगे, किसी भी अनाधिकृत और अवांछित व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में मोबाइल और केलकुलेटर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, सिर्फ मतगणना कराने में तैनात मतगणनाकर्मी ही केलकुलेटर का उपयोग कर सकेंगे। यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने गुरूवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान दिए।

उन्होंने इस दौरान बैठक में 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की व्यापक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतगणना केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित और चाक-चौबंद रहे। निर्वाचन से जुड़ी सभी सूचनाएं प्रेक्षकों, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, मीडिया और जनसामान्य को देते रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असत्य या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। किसी भी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति नहीं रहनी चाहिए।

उप निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों से वन-टू-वन चर्चा कर जिले में मतगणना के लिए की गई तैयारियों की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्र की गिनती की पूरी प्रक्रिया और नियमों का पालन करें। डाक मतपत्र की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, बसंत कुर्रे, श्रीमती रुचिका चौहान, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला और श्रीमती सुरभि तिवारी उपस्थित रहीं।

### सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष व सदस्य नहीं बन सकेंगे मतगणना अभिकर्ता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसको केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही केंद्र और राज्य के मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष, केंद्र तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष और सदस्य, शासकीय प्राधिकरण के अध्यक्ष व सदस्य, आंगनबाड़ी कर्मचारी, शासकीय पैरामेडिकल स्टॉफ, शासकीय संस्था अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था से मानदेय प्राप्त कर रहे या किसी शासकीय संस्था में अंशकालिक सेवाएं दे रहे व्यक्ति, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स और शासकीय सेवक मतगणना के लिए किसी भी अभ्यर्थी के अभिकर्ता नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे।

### मतगणना की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो

मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कमी न रहे। मतगणना केन्द्र में सीसीटीव्ही कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतगणना के दिन रेन्डमाईजेशन से लेकर विजयी अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र वितरित किए जाने तक सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्षता व पारदर्शी रहे।

खजुराहो से झांसी के बीच चली शुरु हुई मेमू ट्रेन

## बुंदेलखंड में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा

**खजुराहो की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद**



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों से खजुराहो को मेमू ट्रेन की सौगात मिली है। गुरूवार 30 नवंबर से खजुराहो से झांसी के बीच इस ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। ट्रेन का संचालन शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का श्री शर्मा ने आभार जताया है। उन्होंने रेल मंत्री से मुलाकात कर पिछले दिनों यह ट्रेन चलाने का अनुरोध किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराह सांसद श्री शर्मा ने कहा है कि इस ट्रेन के चलने से बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन सहित रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का भी विकास होगा।

इससे खजुराहो संसदीय क्षेत्र के स्थानीय लोगों को बेहद महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हो गई है। मेमू ट्रेन के संचालन से खजुरहो और आसपास के क्षेत्र की जनता को झांसी जाकर बड़ी ट्रेनों को पकड़ने में आसानी होगी। क्योंकि क्षेत्र की जनता लंबी दूरी की यात्रा के लिए जन शताब्दी, राजधानी एवं वंदे भारत जैसी ट्रेन में बैठने के लिए झांसी जाती है। ऐसे में खजुराहो से झांसी तक जाने के लिए बस या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ता था, जो महंगे होने के साथ समय भी अधिक लगता था। मेमू ट्रेन के संचालन से कम समय और कम खर्चे में स्थानीय लोग लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर के लिए आसानी से झांसी पहुंच सकते हैं।

### खजुराहो से झांसी के लिए सुबह 4 बजे रवाना होगी ट्रेन

खजुराहो से झांसी के लिए मेमू ट्रेन सुबह 4 बजे रवाना होकर सुबह 10:45 बजे झांसी पहुंची। मेमू ट्रेन का खजुराहो के साथ छतरपुर, ईसानगर, खरगापुर, टीकमगढ़, ललितपुर में स्टॉपेज निर्धारित किया गया है। उक्त स्टेशनों से भी लोग यात्रा कर सकते है। इस ट्रेन से बागेश्वर धाम आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

डाक मतपत्रों का मामला

## बालाघाट कलेक्टर को तत्काल निलंबित किया जाए : कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट के डाक मतपत्र मामले में कांग्रेस ने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को निशाने ले रखा है। गुरुवार को भी प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा, जिसमें बालाघाट में डाक मतपत्रों के साथ हुई छेड़छाड़ में ईटीपीबीएमएस के मतपत्र दिखाई नहीं देने की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

धनोपिया ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवम्बर को संपन्न हो चुका है तथा मतगणना 3 दिसम्बर को होना है, फिर 27 नवम्बर को डाक मतपत्र से छेड़छाड़ क्यों की गई। वायरल वीडियो के हवाले से उन्होंने बताया वीडियो में दिखाई जा रही कार्यवाही में सेवानिवृत्त कर्मचारी और भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसने के रिश्तेदार भी उस कमरे में बैठे दिखाए गए है, कमरे की वीडियों ग्राफी में कोई भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी उपस्थित नहीं दिखाई दिया है, शासकीय कर्मचारियों को ही पोस्टल वोट्स के साथ छेडछाड करते हुए दिखाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 15 नवम्बर 23 को बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को पत्र जारी किया गया है। जिसमें डाक विभाग के माध्यम से ईटीपीबीएमंएस प्राप्त मतों को जमा करने के लिए निर्धारित समय 3 बजे पोस्टल बैलेट प्रभारी की उपस्थिति में अस्थाई स्ट्रांग रूम को खोलने और बंद करने की जानकारी दी गई है।

मीडिया सेंटर पहुंचकर देखे प्रचार-प्रसार के तरीके

## डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल ने समझा भाजपा का चुनाव प्रबंधन







**भोपाल, देशबन्धु।** कम समय में एक बेहद सफल राजनीतिक पार्टी भाजपा की कार्यप्रणाली और उसके तौर तरीके जानने के लिए डेनमार्क का एक प्रतिनिधि मंडल आज भोपाल आया। इस प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यहां की व्यवस्थाओं को समझा और मीडिया सेंटर का भी भ्रमण कर भाजपा के प्रचार-प्रसार के बारे में जाना। इस प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा का विजन, मिशन, संगठन की कार्यप्रणाली, केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका और चुनाव संबंधी गतिविधियों को जानने के लिए यह दौरा किया था। इस दौरान दल में शामिल विजार्क कोफोड, श्वेट्ज एवं ओले ने पार्टी पदाधिकारियों से भेंट की तथा पार्टी की कार्यप्रणाली को समझा। डेनमार्क के इस प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान उन्होंने पार्टी के विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक रोहित गंगवाल, सह संयोजक डॉ. सुधांशु गुप्ता एवं सदस्य डॉ. राहुल जैन के साथ प्रदेश कार्यालय का भ्रमण किया और पार्टी पदाधिकारियों से भेंटकर पार्टी की कार्यप्रणाली को समझा। प्रदेश कार्यालय और मीडिया सेंटर में प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया गया।

प्रदेश कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, चुनाव आयोग एवं समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा से भेंट की। वहीं, प्रदेश मीडिया सेंटर में प्रतिनिधि मंडल के सदस्य पार्टी की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव, मीडिया पैनालिस्ट शिवम शुक्ला, श्रीमती गुंजन चौकसे, सत्येन्द्र जैन से मिले और पार्टी के मीडिया सेंटर की कार्यप्रणाली को नजदीक से जाना। पार्टी के विदेश विभाग के सह संयोजक डॉ सुधांशु गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 'भाजपा को जानो' अभियान के तहत है, ताकि विदेशी लोगों को भाजपा के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जा सके।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-13, नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./संभा.अधि./13/ मुख्यालय/2023/24 एम/223 दिनांक 30.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा गुप्ता पति स्व. श्री अशोक वर्धन गुप्ता ने मकान नं. 439/TF/F वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान तृतीय तल 1100 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय ( तीन पत्ती )
नगर निगम जलबपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.30/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अयान सिद्धिकी पिता श्री शाकिर नफीस सिद्धिकी ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पी.न.-41 ख.नं. 5/2 का हिस्सा सरस्वती कालोनी संपत्ति के पिन क्रमांक-1003824960 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1750 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल .... व.फु. आर.सी.सी., प्रथम तल ... व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज शाकिर नफीस सिद्धिकी पिता एन.ए. सिद्धिकी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.30/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इजराइन डी प्रिंस लुईस पिता श्री अर्नेस्ट लुईस ने वार्ड क्र. 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 853 आई.जी. बंगले के पास पार्क अपार्टमेंट सिविल लाइन संपत्ति के पिन क्रमांक-100397776, 44500788, जलकर 1002488021, डोर टू डोर क्र. 1000165677 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ...व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 792 व.फु. सीमेंट शीट निम्न दस्तावेज प्रपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अर्नेस्ट लईस पिता इग्नरेशियस लुईस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक- स. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/165 दिनांक 30.11.23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जूही मिश्रा पिता श्री प्रभात कुमार मिश्रा ने मकान नं. 303/ए-402 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल ....व.फु. चतुर्थ तल 1285 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-13 मुख्यालय
नगर निगम , जबलपुर


## जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और ज़मीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है। इस योजना को तीन वर्ष की अवधि में लागू किया जाएगा।

- भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित है हुआ
- तीन वर्ष की अवधि में योजना की जाएगी लागू

## कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति की पुनर्नियुक्ति रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया। पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति बरकरार रखने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि नियुक्ति केरल सरकार के अनुचित हस्तक्षेप के कारण गलत थी।

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मौतों वाली कार्य संस्कृति

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वज़ह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है।

आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये।' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं।

वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीज़ा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं।

आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीज़ल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह रिपोर्ट ऐसे वक्त पर आई है जब भोपाल गैस त्रासदी के करीब 40 साल पूरे होने जा रहे हैं। 2 व 3 दिसम्बर, 1984 की मध्य रात्रि को यहां स्थित यूनियन कार्बाइड के संयंत्र से 45 टन मिथाइल आईसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इससे 15 से 20 हजार लोग मारे गये थे और करीब 6 लाख लोगों पर उसका प्रभाव पड़ा था। इनमें बड़ी तादाद में सामान्य जनता के अलावा संयंत्र के कर्मचारी थे जो या तो कार्यरत थे अथवा आसपास ही रहते थे। बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है। इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है।

कारखानेदारों की औद्योगिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर खर्च न करने की प्रवृत्ति से काम करने वालों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। शासकीय विभाग एवं नियामक एजेंसियां भी इस ओर ध्यान नहीं देतीं। संवेदनहीन सरकारी मशीनरी व सरकारें सर्वहारा की बजाये पूंजीपतियों की पक्षधर होती हैं जिसका परिणाम यह मौतों वाली कार्य संस्कृति है।

# खेल में खनकती पूंजी

विश्वकप क्रिकेट में कमेंटरी करने भारत आए पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की यह टिप्पणी अभी भी सोशल मीडिया पर चर्चा और विवाद का विषय बनी है कि आस्ट्रेलिया की फाइनल की जीत 'क्रिकेट माफिया के खिलाफ न्याय की जीत है।' उनका इशारा ही नहीं, साफ कहना है कि क्रिकेट पर माफिया काबिज है, वही अधिकांश फैसले कराने लगा है और आस्ट्रेलिया ने अपने खेल के दम पर इस क्रम को पलटा है। इस बयान से उन लोगों की बाछें खिल गई हैं जो गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट प्रशासन पर हावी जमात के आलोचक रहे हैं।

यह आलोचना अभी से नहीं डालमिया, बिन्द्रा और पवार राज के दिनों से हो रही है और इधर यह शोर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट प्रशासन का दबदबा बढ़ा है-निश्चित रूप से बढ़ा है, भारत की मर्जी के खिलाफ ज्यादा उल्टा फैसला होना बंद हुआ है। ऐसा भारत में क्रिकेट के बढ़ने, लोकप्रिय होने और क्रिकेट में बाजार की तरफ से भारी पैसा आने की वजह से ज्यादा हुआ है, किसी माफिया के चलते उतना नहीं। स्वयं पोंटिंग से लेकर आस्ट्रेलिया के ही नहीं, दुनिया के सारे बड़े खिलाड़ियों का 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) में खेलने को लालायित रहना इसका ही प्रमाण है।

जब से यह बदलाव हुआ है तब से भारत का माफिया प्रभावी हुआ हो या नहीं, भारतीय क्रिकेट प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े फैसलों पर दबदबा बना है या नहीं, लेकिन इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के क्रिकेट प्रशासकों का दबदबा खत्म जरूर हुआ है। भारत ही नहीं तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों को उस दबदबे के चलते क्या-क्या भुगतना पड़ा है इसका किस्सा लिखना शुरू हो तो पूरा पुराण बन जाएगा। अपने अनुकूल पिच बनाने जैसी आलोचना तो बहुत ही हल्की है।

अब ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट प्रशासन बहुत लोकतान्त्रिक ढंग से चलता हो या वहां सारा कुछ पाक-साफ ही हो। इस बार ही आयोजन स्थल, मैदान, खेल के दिन से लेकर टिकट की ब्लैकमेलिंग और होटल या विमान भाड़ा तक में जो-जो हुआ उसे 'हेल्दी हैबिट' तो कदापि नहीं कहा जा सकता। खिलाड़ियों से ज्यादा क्रिकेट प्रशासकों की अय्याशी की भी चर्चा खेल के लिए स्वस्थ नहीं है। क्रिकेट के प्रसारण राइट्स की कहानी भी गंदली है और दर्शक बढ़ने का ज्यादा लाभ खिलाड़ी और प्रशासन की जगह बाजार उठाता जा रहा है।

इसी का प्रमाण है कि भारत के अंदर भी नेट के जरिए मैच देखने/दिखाने का कारोबार सामान्य टीवी प्रसारण से अलग किया गया है। तब भी वहां साढ़े पांच करोड़ तक दर्शक पहुंचे ही नहीं हैं, ज्यादा समय तक क्रिकेट देखने का रिकार्ड भी दर्ज हो रहा है। दसियों भाषाओं में कमेंटरी हो रही है। दस सेकेंड के विज्ञापन का रेट तीस लाख रुपए तक पहुंचने की चर्चा है। एक फ़ोटो इस्तेमाल करने की कीमत चुकानी पड़ती है।



अरविन्द मोहन

> विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए।

क्रिकेटरों के बल्ले से लेकर वर्दी तक पर कितनी कंपनियों के विज्ञापन का बोझ होता है इसकी गिनती मुश्किल हो गई है। कैमरा कहां फोकस करे इसको लेकर झगड़ा होता है। क्रिकेट दिखाने का सामान्य शिष्टाचार पीछे चला गया है। बाजार और ब्रांड के अलावा पर्सनल खुराक और ट्रेनर भी ब्रांड बनाते जा रहे हैं। कमेंटेटरों तक को मिलने वाले पैसे आंख फाड़ने वाले हैं, उपहार और अन्य सुविधाओं का तो हिसाब ही अलग है।

अलबत्ता, क्रिकेट प्रसारकों को भारत के फाइनल में हारने से ही नहीं, धमाकेदार ढंग से लगातार दस मैच जीतकर फाइनल पहुंचने से भी शिकायत रही है। भारतीय गेंदबाज इस बार फाइनल के अलावा लगभग सभी मैचों में सफल रहे और पूरे पचास ओवर की जगह छब्बीस, सत्ताईस ओवर में ही विपक्षी दल को समेट देते थे। विपक्ष के कम स्कोर को धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज पचीस-तीस ओवर में ही पूरा कर लेते थे। ऐसा प्रतियोगिता के ज्यादातर मैचों में हुआ और नजदीकी मुकाबले देखने के लिए दर्शक भी तरसे। ऐसे मुकाबलों में बाजार के लोगों को विज्ञापन के लिए कम समय मिलता है। अगर पचास ओवर की पारी चालीस ओवर से पहले निपट जाए तो 7000 से लेकर 7500 सेकेंड के विज्ञापन समय का नुकसान होता है। यह समय 'कीमती' है और यह नुकसान बड़ा।

जब विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए। इस बार स्टेडियम ही नहीं सड़कों पर भी भारतीय जर्सी का रंग छाया रहा, पर उससे ज्यादा सड़क के किनारे सस्ते ब्रांड और आनलाइन बिक्री में ब्रांडेड माल की धूम रही। देश में सौ करोड़ की एक ब्रांड की जर्सी बिकने का अंदाजा है। आनलाइन बुकिंग में आठ-नौ गुना तक ज्यादा मांग आई है, पर कहना होगा कि फाइनल की हार ने इस धूम-धड़ाके पर रोक ही नहीं लगाई, इसकी चर्चा भी बंद करा दी है।

इन ब्रांडों से ज्यादा नुकसान क्रिकेट को यहां तक पहुंचाने वाले खिलाड़ियों की कमाई में हो गया लगता है। जिस विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बल्ले से धूम मचाई, उनका ब्रांड मूल्य या विज्ञापनों की संख्या में ज्यादा वृद्धि का अनुमान नहीं है। यह तब है जब विराट ने अपनी पुरानी मार्केटिंग कंपनी से करार तोड़कर नई कंपनी से करार किया था जिससे नए रेट पाने में आसानी होगी। वैसे अकेले उनकी ही कमाई डेढ़ हजार करोड़ के करीब है।

बाकी तो इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा धूम मचाने वाले मोहम्मद समी को अभी तक कोई बड़ा ब्रांड नहीं मिला है और बाजार के जानकार मानते हैं कि उनको ज्यादा ब्रांड ही नहीं, ज्यादा रेट मिलने की भी उम्मीद नहीं है। उनको पहले 40 से 50 लाख रुपए प्रति ब्रांड मिलता था जो अब एक करोड़ तक पहुंच सकता है, जबकि बड़े खिलाड़ी और सिनेस्टार दस करोड़ तक पाते हैं। अब पोंटिंग को भारतीय क्रिकेट प्रशासकों पर टिप्पणी करने की सूझी, लेकिन उनको बाजार का यह खेल, यह दादागिरी, यह माफियागिरी समझ आती भी है या नहीं यह कहना कठिन है। वे इससे कहां अलग हैं, यह समझना तो और भी मुश्किल है। (सप्रेस)

# खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की बैठक पर

■ के रवीन्द्रन

तेल बाजार इस सप्ताह आगामी ओपेक+ बैठक के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जिसकी 26 नवम्बर की बैठक को आंतरिक समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा था। यह बैठक उत्पादक और आयातक दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस आकलन के बीच कि एक नये उत्पादन में कटौती पर समझौता चुनौतीपूर्ण होने वाला है? हालांकि ओपेक की बैठकें पहले भी स्थगित की जा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह स्थगन इतने दिनों तक चला है।

स्थगन के कारण ही कच्चे तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। सप्ताह की शुरुआत में क्रूड की कीमतें लगभग 74.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं, जबकि ब्रेंट क्रूड गिरकर लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद, सप्ताहों में इस तरह की पहली बढ़ोतरी, ओपेक+ द्वारा अफ्रीकी देशों में उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मंत्री स्तरीय बैठक को 30 नवंबर तक स्थगित करने के बाद सप्ताह के मध्य में कीमतों में गिरावट आई।

यह स्थगन ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है। प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये। यह माना जाता है कि आगे की कटौती के बिना, कीमतें 2024 तक 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी।

जून 2023 में तय किये गये 2024 उत्पादन कोटा में 23 सदस्य देशों में से नौ के लिए कम उत्पादन लक्ष्य शामिल था, जो रूस, नाइजीरिया, अंगोला, मलेशिया, अजरबैजान, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो, ब्रुनेई और सूडान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों के लिए कम उत्पादन कोटा स्वीकार करना भी मुश्किल होगा।

हालांकि, चुनौतियों के बावजूद, तेल बाज़ार विशेषज्ञ रिस्टैड एनर्जी को उम्मीद है कि ओपेक + आगामी बैठक में उत्पादन कम करने के समझौते पर पहुंचेगा। इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे सदस्यों से आगे स्वैच्छिक कटौती शामिल हो सकती है। वहीं, रिस्टैड गतिरोध की संभावना से इनकार करने को तैयार नहीं हैं।

इस बात को लेकर काफी उम्मीदें हैं कि सरगना सऊदी अरब प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल (बीपीडी) की स्वैच्छिक कच्चे तेल उत्पादन में कटौती पर क्या निर्णय लेता है। चाहे वे कोई भी रास्ता अपनाएं, उत्पादन में कटौती पर सऊदी अरब का निर्णय अंततः वैश्विक तेल कीमतों के अल्पकालिक भविष्य को आकार देगा।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

सऊदी अरब ने उस बैठक के मौके पर अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा की, शुरुआत में जुलाई के लिए 1 मिलियन-बीपीडी उत्पादन कटौती की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद इसे मासिक आधार पर अगस्त और सितंबर तक बढ़ा दिया गया, जबकि सितंबर की शुरुआत में, रियाद ने इस साल के अंत तक विस्तार की घोषणा की। तेल बाजार यह देखना चाहेंगे कि क्या सऊदी अरब इन कटौती को 2024 तक बढ़ाता है या वह इन्हें धीरे-धीरे कम करना चाहता है या इस साल के अंत में इन्हें समाप्त होने देता है। चाहे जो भी हो, सऊदी अरब के फैसले का तेल बाजारों और विशेष रूप से अगले साल तेल की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

रिस्टैड एनर्जी का मानना है कि सऊदी स्वैच्छिक कटौती को 2024 तक नहीं बढ़ाया जायेगा, क्योंकि आपूर्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जो अगले साल की पहली तिमाही के लिए संतुलित बाजार का संकेत है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही में 600,000 बीपीडी से अधिक का बाजार अधिशेष दिखाई दे रहा है। आगे बढ़ते हुए, अगले वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 450,000 बीपीडी की कमी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, रिस्टैड को उम्मीद है कि इस साल लगभग 1.2 मिलियन के महत्वपूर्ण घाटे की तुलना में 2024 में तेल बाजार काफी संतुलित रहेगा।

हाल के सप्ताहों में तेल की कीमत पर गिरावट का दबाव बढ़ गया है, अत्यधिक आपूर्ति की चिंताओं के कारण भारी बिकवाली के कारण कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गई हैं। यह अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हुए इज़राइल-हमास संघर्ष के फैलने के ठीक बाद तेल की कीमत के स्तर से काफी नीचे है, जब कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। मंदी की उम्मीदों को और अधिक बल दे रहे हैं, हाल के आंकड़े, जिससे पता चलता है कि अमेरिकी वाणिज्यिक कच्चे माल की सूची पिछले चार हफ्तों में बढ़ी है और अब यह 440 मिलियन बैरल है, जो एक महीने पहले 420 मिलियन बैरल से अधिक था।

रिस्टैड विश्लेषण से पता चलता है कि, ऐसे परिदृश्य में जहां सऊदी अरब स्वैच्छिक कटौती का विस्तार नहीं करता है, बाजार में मंदी बढ़ेगी और अगले साल तेल की कीमत औसतन 80 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर होगी। दूसरे छोर पर, यदि सऊदी अरब अप्रैल 2024 तक स्वैच्छिक कटौती बढ़ाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें कम करता है, तो 2024 में कीमत औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल होगी। आईएमएफ का नवीनतम अनुमान सऊदी तेल के लिए 86 डॉलर प्रति बैरल की ब्रेकईवन कीमत का सुझाव देता है। इसका मतलब यह होगा कि सऊदी अरब को उस मूल्य स्तर को हासिल करने के लिए, कम से कम जून 2024 तक बाजार हिस्सेदारी देना जारी रखना होगा।

> राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

## पावन प्रसंग

# सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है

हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना, कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है। आज का आदमी काम से नहीं, दाम से मतलब रखता है।

लौंकाशाह श्रावक ही थे, पर उनका आत्मबल अत्यन्त प्रखर था। वे तत्वज्ञ थे। साथ ही उनके जीवन में व्रतों की तेजस्विता एवं निर्मलता थी। संयम-साधना के क्षेत्र में विकृतियों का पोषण उन्हें ठीक नहीं लगा। धर्म और संयम के क्षेत्र में जो आडम्बर खुलकर चल रहे थे, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने सिंहनाद किया। उनके सिंहनाद में सत्य का बल था, किसी भी व्यक्ति या परम्परा विशेष के प्रति दुर्भाव नहीं था।

व्यक्ति जब सत्य का आश्रय लेकर चलता है तो उसका प्रभाव होता ही और ऐसा ही हुआ। कहा जाता है कि लौंकाशाह के सिंहनाद से यतियों के द्वारा की जा रही विकृत स्थापनाओं पर विराम लगने लगा, पर लौंकाशाह को कदम-कदम विरोध का सामना भी करना पड़ा। लौंकाशाह की प्रेरणा से अनेकों गृहस्थों ने दीक्षा ग्रहण की। अनेकों यतियों ने अपनी विकृत मान्यताओं में परिष्कार किया। समय आने पर स्वयं लौंकाशाह ने अपने अनेकों साथियों के साथ धर्म और परम्परा की रक्षा के लिए संयम ग्रहण कर लिया। आध्यात्मिक जगत में तेजस्वी क्रान्ति आई। गुजरात , राजस्थान प्रान्त में लौंकाशाह ने सघन विचरण किया। कई दुर्मतिजन लौंकाशाह के प्रभाव को सहन नहीं कर पाए। फलस्वरूप अलवर में तपस्या के पारणक में विष मिश्रित आहार उन्हें दे दिया गया एवं वहीं पर लौंकाशाह दिवंगत हो गए। लौंकाशाह ने प्राणों का उत्सर्ग पसन्द किया। उनका स्पष्ट अभिमत था- मैं असत्य और पाखण्डों का पक्षधर एक क्षण के लिए भी नहीं बन सकता।

पूर्णिमा का दिन चातुर्मास की समाप्ति का दिवस है। आज का दिन अत्यन्त महिमापूर्ण दिन है। अनेक सत्पुरुषों का सम्बन्ध इस दिन के साथ जुड़ा है। आज के दिन अनेक महान आत्माओं ने जन्म लिया और हमारे आदर्श बनें। उनका पुण्य स्मरण हमारे मन में नई प्रेरणा और स्फूर्ति का संचार करता है। हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है।

लौंकाशाह जैसे महान साधकों हम कभी भी भुला नहीं सकते। जैन परम्परा, गौरवशाली परंपरा है। इस परम्परा की प्राचीनता एवं उपादेयता असंदिग्ध है। इस महान परंपरा को सत्पुरुषों ने गौरवान्वित किया है पर स्वयं इसमें सुई भर संशय नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नालॉजी के इस युग में डेटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नालॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नालॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्जनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च, एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो। कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।

डीपफेक हमारे डिजिटल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं, हालांकि वे नवाचार और सहयोग का अवसर भी पेश करते हैं। तकनीकी प्रगति, कानूनी ढांचे और सार्वजनिक जागरूकता के संयोजन से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहां डीपफेक कम हानिकारक और अधिक जवाबदेह होंगे। निष्कर्षतः मुख्य रूप से एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है, जो इस उभरते खतरे के तकनीकी, कानूनी और नैतिक आयामों को संबोधित करता हो।

भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर वकील से सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

# मतगणना में हो पूरी पारदर्शिता, चूक की कोई गुंजाईश न रहे



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों को मतगणना का सारा काम भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपादित करने के निर्देश दिये हैं । सुमन गुरूवार शाम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मतगणना की तैयारियों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर ने मतगणना की सारी तैयारियों को समय रहते इस ढंग से अंजाम देने के निर्देश रिटर्निंग अधिकारियों को दिये जिससे किसी भी तरह की चूक की कोई गुंजाईश न रहे। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारियों को ईटीपीबीएस से तथा फेसिलिटेंशन सेंटर्स पर प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना में ज्यादा सतर्कता बरतनी होगी।

बैठक में सुमन ने सर्विस वोटर्स से ईटीपीबीएस से प्राप्त डाकमत पत्रों के सत्यापन हेतु क्यूआर कोड को स्केन करने से लेकर डाक मतपत्रों की गणना की प्रक्रिया के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी भी रिटर्निंग अधिकारियों को दी तथा इनका अक्षरशः पालन करने कहा। उन्होंनें ईव्हीएम की तरह स्ट्रांगरूम खुलने से लेकर काउंटिंग हाल तक डाक मतपत्रों को ले जाने तथा इनकी गणना की समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश भी दिये।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारियों से कहा गया कि गणना प्रारम्भ करने के पहले उन्हें ईटीपीबीएस से प्राप्त सर्विस वोटर्स के डाक मतपत्रों, फेसिलिटेशन सेंटर्स में प्राप्त डाक मतपत्रों तथा दिव्यांग एवं 80 प्लस मतदाताओं और अतिआवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों से घर-घर जाकर प्राप्त किये गये डाकमत पत्रों की जानकारी उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं को देनी होगी। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ चंद्रप्रताप गोहिल एवं सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे।

## शनिवार की शाम कोषालय से मतगणना स्थल शिफ्ट की जायेंगी डाकमत पत्र की मतपेटियां

कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी डाक मतपत्रों की मतपेटियों को शनिवार 2 दिसम्बर की शाम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय परिसर स्थित मतगणना स्थल शिफ्ट किया जायेगा। यह जानकारी मतगणना की तैयारियों की समीक्षा के लिये आज शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में दी गई।

बैठक में बताया गया कि डाक मत पत्रों की पेटियों को मतगणना स्थल ले जाने शनिवार 2 दिसम्बर की शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार को खोला जायेगा। इस दौरान राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधि भी मौजूद रह सकेंगे। राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधि डाक मत पत्रों की पेटियों को ले जाने प्रयुक्त वाहन की निगरानी के लिये उसके पीछे-पीछे अपने वाहन से मतगणना स्थतल तक भी जा सकेंगे। जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र की डाक मतपत्रों की मत पेटियों को एक ही वाहन से मतगणना स्थल तक पुलिस अभिरक्षा में ले जाया जाएगा तथा वहाँ बने एक अलग स्ट्रांगरूम में कड़ी सुरक्षा के बीच इन्हें रखा जायेगा । इस समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी।



## विपिन धगट एवं एच.एस. श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति पर विदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. के कॉर्पोरेट कार्यालय में पदस्थ विपिन धगट, प्रमुख (कंप्यूटर पद्धति एवं संचलन) की 37 वर्ष 5 माह की सेवा एवं एच.एस. श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (सं./सं.) की 39 वर्ष 9 माह की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए।

कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया तथा दोनो कार्मिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर श्रीमती नीता राठौर, मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.), अशोक धुर्वे, मुख्?य महाप्रबंधक (वाणिज्य, क्रय एवं भण्डार) मुकुल महरोत्रा, मुख्?य वित्तीय अधिकारी, जी.डी. वासनिक, मुख्य अभियंता (ज.क्षे.), एस. के. गिरिया, उप मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) सहित कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## उत्तरकाशी के टनल में फंसे मजदूरों की जान बचाई संस्कारधानी के युवक ने



**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तरकाशी के टनल अभियान में जबलपुर के सिद्धात पाल ने अहम भूमिका निभाई, अभियान में विश्व व्यापी विशेषज्ञों में संस्कारधानी के सिद्धांत पाल की अहम भूमिका रही, प्रधानमंत्री कार्यालय के विशेष आव्हान पर आई पी. जी. फोटोनिक्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड ग्रेटर नोयडा कंपनी में सिनियर सर्विस इंजिनियर के पद पर कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले सिद्धांत पॉल अपने साथियों के साथ 66 मीटर लंबी सुरंग में अत्यंत कठिनाइयों के बीच आगर मशीन के ट्रेट ब्लेड को लेजर कटिंग के माध्यम से आधे घंटे के समय सीमा में काटकर मजदूरों को बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई, सिद्धांत पाल विजय नगर निवासी समीर बरन शर्माला पाला के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

बंग समाज के अध्यक्ष श्रीमति मुक्ता रॉय, राय सचिव सुजीत बैनर्जी एवं आलोक बोस, सदस्य ने इस उपलब्ध के लिए पाल परिवार को नगर प्रदेश एवं भारत को गौरानवित करने एवं बंग समाज का नाम रोशन करने का साधुवाद दिया गया।

## आयुध निर्माणी खमरिया में आयोजित प्रथम एमआईएल एथलेटिक मीट का समापन समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम एम. आई. एल एथलेटिक मीट का आयोजन दिनांक 28 नवंबर से 30 नवंबर तक ओलिंपिक ग्राउंड में किया गया। इस प्रथम एम. आई. एल एथलेटिक मीट कुल 39 इवेंट्स जैसे कि 100 मीटर, 200 मीटर 400 मीटर,800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर रिले रेस के साथ-साथ लॉन्ग जंप, शॉट पुट, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, भाला फेक, ट्रिपल जंप, पोल वॉल्ट, हेमर थ्रो, रेस वॉकिग आदि खेलो को पुरूष एवं महिलायों खिलाड़ियों के लिए सम्मलित किया गया। जहाँ 100 मीटर में आयुध निर्माणी चांद के सौरभ कुमार गुप्ता नें प्रथम स्थान प्राप्त किया तो महिला वर्ग में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की श्रध्दा बी पवार नें प्रथम स्थान प्राप्त किया । 200 मीटर में आयुध निर्माणी खमरिया के बाबू माझी नें प्रथम स्थान तो आयुध निर्माणी खमरिया के ही हरेंद्र राय नें शॉट पुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

आयुध निर्माणी देहुरोड के गणेश पांडियन नें 110 मीटर एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में, आयुध निर्माणी नालंदा के अजय कुमार गिरी नें 5000 मीटर एवं 10000 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया । महिला वर्ग में 400 मीटर में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की पवार चैटली अशोक, शॉट पुट में आयुध निर्माणी वरंगांव की एन पी देवगिरिकर, भाला फेक में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की वर्षा सी शेलखंडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयुध निर्माणी खमरिया में आयोजित प्रथम एम.आई.एल. एथलेटिक मीट का समापन समारोह 30 नवंबर को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ले. जनरल एम के दास, परम विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल, जी ओ सी एम बी के साथ-साथ एम जेड सरवर, महाप्रबंधक ओ एफ आई एल खमरिया, ब्रिगेडियर ललित शर्मा, कमांडेंट जी आर सी, सीडीआर ए एस बिश्रोई नौसैनिक आयुध निरीक्षणालय,श्री ए के एल भगत वैज्ञानिक ,एफएचईएमआरएल लेफ्टिनेंट कर्नल एस के गांगुली एमबी एरिया, श्रीमती इंद्राणी हालदार उपस्थित रहे।

आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक एम.एन.हालदार नें विजेता खिलाड़ियो खिलाड़ियों को मेंडल एवं पुरस्कारो में सम्मनित किया।

वही मुख्य अतिथि ले. जनरल एम के दास द्वारा विजयी निर्माणी ओवरऑल चैंपिनशिप का खिताब आयुध निर्माणी खमरिया टीम को ट्राफी प्रदान की गई । इस अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया के अपर महाप्रबंधक आरके गुप्ता, एस एस सलाठिया,आर के पी सिन्हा, खेल अधिकारी दिनेश कुमार, खेल सेक्रेटरी ऋषि पाल, कार्य प्रबंधक अविनाश शंकर, शेखर गजभिये सहित निर्माणी के अन्य अधिकारी यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे खासकर भांगड़ा एवम अहीर डांस ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया के स्पोर्टस सचिव एन वी आर श्रीहरि एवं सह सचिव कुलदीप रावत ने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया ।

## पमरे में नंवम्बर माह में कुल 74 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में 30 नवम्बर 2023 को प्रमुख मुख्य भंडार प्रबंधक दीप चंद अहिरवार सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों में मिलाकर कुल 74 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 नवम्बर 2023 को पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सेवानिवृत्त हो रहे प्रमुख मुख्य भंडार प्रबंधक श्री दीप चंद अहिरवार के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल प्रदान किये। उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक श्री आर. एस. सक्सेना, प्रमुख वित्त सलाहकार नवल किशोर श्रीवास्तव एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) दीपक कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

गुरुवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 01 कर्मचारी, जबलपुर मंडल में 18 रेल कर्मचारियों, भोपाल मण्डल में 16 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 05 रेल कर्मचारियों, भोपाल निर्माण यूनिट में 04 रेल कर्मचारियों, कोटा मण्डल में 21 रेल कर्मचारियों, कोटा कारखाना में 06 रेल कर्मचारियों एवं कोटा निर्माण यूनिट में 02 रेल कर्मचारियों सहित पमरे पर कुल 74 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दी गई।

## नि :शुल्क नेत्र जांच-मोतियाबिंद आपरेशन शिविर एवं आयुष्मान कार्ड शिविर 10 दिसंबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी के रावण पार्क मैदान में दस दिसंबर को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये कार्यक्रम आयोजित है। इसमें नि:शुल्क चश्मे का वितरण भी किया जायेगा। साथ ही मेडीकल, शिशु रोग, अस्थि रोग, दंत, स्त्री रोग, आदि के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं उपचार संबंधी सलाह देंगे।

इसके लिये जरूरी तैयारियों को कर लिया गया है। समाज सेवी सोनू दुबे के अनुसार शिविर में लाभ उठाने के लिये आधारकार्ड, की प्रतिलिपि लाना जरूरी है। इससे योजना का लाभ मिलने में सहायता पहुंचेगी। समग्र आई डी की प्रतिलिपि भी उपयोगी रहेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रीय जनों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अकादमिक समिति की बैठक

### स्कूलों की होगी सघन मॉनिटरिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले में स्थित सभी शासकीय शालाओं में आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जिला स्तरीय अकादमिक समिति की बैठक आज गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में आयोजित की गई।



बैठक में जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित अकादमिक कार्य योजना के अनुसार विषयवार कालखंड आयोजित कर अध्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कहा कि स्कूलों में अकादमिक गुणवत्ता के उन्नयन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों द्वारा स्कूलों की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही अकादमिक स्तर के आधार पर जिले में उत्कृष्ट एवं कमजोर स्कूलों के चिन्हांकन भी किया जायेगा। बैठक में डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय, सहायक संचालक आर के बधानसहित समिति के प्राचार्य, एपीसी, बीएसी उपस्थित रहे।

## 58,60,62,65 अलग अलग उम्र में रिटायर क्यों

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने कर्मचारियों को अलग ,अलग 58,60,62,65 वर्ष की उम्र में रिटायरमेन्ट किये जाने को भेदभाव पूर्ण कार्यवाही बताया है।मध्य प्रदेश शासन के कुछ विभागों में कर्मचारियों को 65 वर्ष की उम्र में रिटायर किया जाता है वहीं कुछ विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों को 58,60,62 वर्ष की आयु में ही रिटायर कर दिया जाता है।

## अपराध के पीडितों को 16 लाख पचास हजार का मुआवजा स्वीकृत

**जबलपुर,देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर अपराध प्रतिकर योजना, 2015 के मामलों में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश के अनुपालन में कुल 06 मामले निराकृत किये गये। न्यायालयों द्वारा विभिन्न आपराधिक मामलों मामलों में पीड़ितों को प्रतिकर दिलवाये जाने की अनुशंसा पर एवं स्वयं पीड़ित /आश्रित के आवेदनों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा अविलंब संज्ञान लेकर कार्यवाही की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर आलोक अवस्थी की अध्यक्षता के जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर एसके सुमन, पुलिस अधिक्षक आदित्य प्रताप सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर अग्रवाल उपस्थित रहे।

श्री अग्रवाल ने बताया ऐसे अपराध पीड़ितों या उनके आश्रितों को जिन्हें अपराध के परिणामस्वरूप हानि हुई है और जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है उन्हें न्यायालय की सिफारिश पर अथवा ऐसे पीड़ितों आश्रितों आवेदन पर मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत प्रतिकर राशि प्रदान की जाती है। इसी योजनांतर्गत कुल 06 प्रकरण जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये जिनमे कुल 16,50,000/- रुपये की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई।

इस प्रकरणों में 04 ऐसे प्रकरण शामिल थे जिनमें परिवार का भरण पोषण करने वाले व्यक्तियों की हत्या हो जाने के कारण उनके आश्रितों को प्रतिकर दिलवाया गया, जबकि अन्य मामलों में यौन अपराध की पीड़िताओं को उनके पुनर्वास प्रतिकार राशि स्वीकृत की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालन नौ को

**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार , माननीय सदस्य सचिव रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में दिनांक 09 दिसम्बर 2023 को आयाजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य सिविल व दांडिक प्रकरण तथा विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत प्रकरणों के निराकरण हेतु खंडपीठों का गठन किया गया है। उमाशंकर अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत के सफलतम आयोजन हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत बैंक, जलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभाग द्वारा छूट दी जा रही है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह अपील की गई है कि उक्त लोक अदालत में दी जा रही छूट का अधिक से अधिक फायदा उठाया जाये।

## मथुरा स्टेशन यार्ड रिमॉडलिंग के तहत एनआई कार्य के चलते पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट 34 ट्रेन प्रभावित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे, आगरा मंडल के मथुरा स्टेशन पर यार्ड रिमांड्लिंग के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली 34 ट्रेन निर्धारित तिथियों में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेंगी।

**निरस्त की जाने वाली ट्रेन**--गाड़ी संख्या 11449 जबलपुर-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस 09,16, 23 एवं 30 जनवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 11450 श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस 10,17, 24 एवं 31 जनवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 21, 24, 26, 28 एवं 31 जनवरी व 02 एवं 04 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 12122 हजरत निजामुद्दीन जबलपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 22, 25, 27 एवं 29 जनवरी व 01, 03 एवं 05 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 22181 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 10 जनवरी 2024 से 04 फरवरी 2024 तक।

-गाड़ी संख्या 22182 हजरत निजामुद्दीन जबलपुर एक्सप्रेस 11 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक।

-गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस 25 जनवरी 2024 से 04 फरवरी 2024 तक।

-गाड़ी संख्या 12190 हजरत निजामुद्दीन जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस 26 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक।

-गाड़ी संख्या 20171 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 01, 02 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 20172 हजरत निजामुद्दीन रानी कमलापति वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 01, 02 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 20171 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन उर्जाधानी एक्सप्रेस 14, 21, 28 जनवरी एवं 04 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 20172 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली उर्जाधानी एक्सप्रेस 15, 22, 29 जनवरी एवं 05 फरवरी 2024 को।

-गाड़ी संख्या 04793 मथुरा-सवाई माधोपुर सवारी गाड़ी 27/11/2023 से 05/02/2024 तक।

-गाड़ी संख्या 04794 सवाई माधोपुर-मथुरा सवारी गाड़ी 28/11/2023 से 06/02/2024 तक।

-गाड़ी संख्या 09279 बयाना.मथुरा एक्सप्रेस 04/01/2024 से 05/02/2024 तक।

-गाड़ी संख्या 09280 मथुरा-बयाना एक्सप्रेस 04/01/2024 से 05/02/2024 तक।

-गाड़ी संख्या 09277 बयाना.यमुना ब्रिज आगरा एक्सप्रेस 04/01/2024 से 05/02/2024 तक।

-गाड़ी संख्या 09278 यमुना ब्रिज आगरा.बयाना एक्सप्रेस 04/01/2024 से 05/02/2024 तक.

-गाड़ी संख्या 12059 कोटा.हजरत निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस 27, 28 नवम्बर, 27 दिसम्बर, 01, 03 जनवरी, 09 से 31 जनवरी एवं 01 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 12060 हजरत निजामुद्दीन.कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस 27, 28 नवम्बर, 27 दिसम्बर, 01, 03 जनवरी, 09 से 31 जनवरी एवं 01 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 19803 कोटा-श्री माता वैष्णों देवी कटरा एक्सप्रेस 13, 20, 27 जनवरी एवं 03 फरवरी 2024 को.

-गाड़ी संख्या 19804 श्री माता वैष्णों देवी कटरा-कोटा एक्सप्रेस 14, 21, 28 जनवरी एवं 04 फरवरी 2024 को.

-गाड़ी संख्या 20985 कोटा-मार्टियर कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस 10,17, 24 एवं 31 जनवरी 2024 को.

-गाड़ी संख्या 20986 मार्टियर कैप्टन तुषार महाजन कोटा एक्सप्रेस 11,18, 25 जनवरी एवं 01 फरवरी 2024 को.

-गाड़ी संख्या 12401 कोटा देहरादून एक्सप्रेस 09 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 12402 देहरादून-कोटा एक्सप्रेस 08 जनवरी 2024 से 04 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 20451 सोगरिया.नई दिल्ली एक्सप्रेस 01 दिसम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 20452 नई दिल्ली.सोगरिया एक्सप्रेस 01 दिसम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 05423 काशगंज-भरतपुर एक्सप्रेस 22 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 05424 भरतपुर.काशगंज एक्सप्रेस 23 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 01901 ईदगाह आगरा.भरतपुर एक्सप्रेस 11 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 01902 भरतपुर.ईदगाह आगरा एक्सप्रेस 11 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 01907 ईदगाह आगरा.भरतपुर एक्सप्रेस 11 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक.

-गाड़ी संख्या 01908 भरतपुर.ईदगाह आगरा एक्सप्रेस 11 जनवरी 2024 से 05 फरवरी तक।

## कलेक्टर, निगमायुक्त, भवन अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व कोतवाली टीआई को अवमानना का नोटिस जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक अवमानना याचिका क्रमांक-680/2023 मंजू उर्फ महेन्द्र अहिरवार निवासी-दमोहनाका के द्वारा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पीठासीन अधिकारी रुचि सगर जिला जबलपुर के समक्ष दायर की गई थी, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2016 में नगर निगम के द्वारा दमोह नाका में लेफ्ट टर्न के नाम पर याचिकाकर्ता मंजू अहिरवार की जमीन से नया रास्ता बनाने का प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें बिना विधि प्रकिया का पालन किये और मनमानी कर उक्त रास्ता निकाला जाने लगा। जबकि विधि अनुसार नगर निगम को अधिग्रहण कार्यवाही कर कानून का पालन करना था।

जिसके विरोध में याचिकाकर्ता के द्वारा एक व्यवहार वाद कं-377ए/2018 मध्यप्रदेश शासन, नगर निगम व अन्य के विरुद्ध दायर की गई थी। जिसमें न्यायालय ने सुनवाई उपरांत 1 फरवरी 2019 को स्थगन आदेश जारी कर किसी भी निर्माण पर रोक लगाई थी और उक्त प्रकरण न्यायालय में लंबित है। बाद में नगर निगम ने अपने जवाब में यह बताया था कि उक्त



लेफ्ट टर्न प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है, किन्तु उक्त वाद के लंबित रहने के दौरान नगर निगम ने वर्तमान से दमोह नाका से मदन महल तक फ्लाई ओवर विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

जिसमें पुन: बिना वैधानिक प्रकिया व अधिग्रहण कार्यवाही किये बिना उक्त स्थगन आदेश को दरकिनार करते हुये जानबूझकर आयुक्त नगर निगम, भवन शाखा नगर निगम, लोक निर्माण विभाग के अभियंता एवं अन्य अवमननाकर्तागणों ने उक्त स्थगन वाले भाग पर बिना किसी अनुमति के उक्त निर्माण को 4 नवंबर 2023 को उक्त स्थगन आदेश की जानकारी होने के बावजूद भी जानबूझकर उक्त निर्माण तोड़ को दिया और फ्लाई ओवर के गड्डे खोद दिये। जबकि स्थगन आदेश का बोर्ड मौके पर लगा हुआ था और उक्त स्थगन आदेश याचिकाकर्ता के बताने के बावजूद अवमाननाकर्तागणों ने कहा कि हम जिला न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करते और हमें केन्द्र शासन से आदेश हैं, जिसकी वीडियों रिकार्डिंग भी याचिकाकर्ता के द्वारा बनाई गई है। जिस पर अवमाननाकर्तागणों को तीन माह के सिविल कारावास से दंडित करने एवं उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही कर निलंबित करने बावत उक्त अवमानना याचिका दायर की गई थी। जिस पर न्यायालय रुचि सगर ने अवमानना प्रकरण की सुनवाई करते हुये जिला कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखेड़े, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, सहायक यंत्री मनीष तड़के, एस.के.वर्मा एवं गोपाल गुप्ता अभियंतागण लोक निर्माण विभाग एवं थाना प्रभारी कोतवाली राजेश बंजारे के विरुद्ध अवमानना नोटिस न्यायालय ने जारी कर जवाब तलब करने के आदेश पारित किये हैं।

## आपस में टकराए बस और ट्रक, ड्राइवर सहित 3 यात्री घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 मोहसाम गांव के पास कटनी से जबलपुर जा रही तेज रफ्तार बस आगे चल रहे ट्रक से भिड़ गई। पीछे से टक्कर लगते ही ट्रक आगे बढ़ा और आगे चलकर दूसरे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में 3 वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं ट्रक से टकराने के बाद बस अनियंत्रित होकर खेत के किनारे गड्ढे में समा गई। इस हादसे में बस के चालक सहित 3 यात्रियों को चोटें आई। घटना की जानकारी लगते ही डायल हंड्रेड पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सिहोरा अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया। वहीं बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक सुबह लगभग 4 बजे के लगभग बस क्रंमांक एआर 01 वाय 0893 कटनी से सवारी लेकर जबलपुर जा रही थी। मोहसाम गांव के पास आगे चल रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 9812 से पीछे से भिड़ गई। टक्कर लगते ही ट्रक तेजी से आगे बढ़ा और आगे चल रहे ट्रक क्रमांक यूपी 72 टी 3667 से टकरा गया। बस की रफ्तार अधिक होने पर वह अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे खेत में जाकर गड्ढे में समा गई। इस हादसे में बस का चालक रामलाल विश्वकर्मा सहित 3 अन्य यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सिहोरा 100 डायल की पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सिहोरा अस्पताल भिजवाया गया।



## सायकिल सवार को टक्कर मारकर युवक फरार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना में बीती रात लगभग 9-30 बजे बबलू चक्रवर्ती उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार को शाम घर पर था, उसके पास नीलकमल ने फोन कर बताया कि तुम्हारे छोटे भाई शंकर लाल चक्रवर्ती का बम्हनी तिराहा के पास रानवे नदी पुल के पास एक्सीडेण्ट हो गया है, सूचना मिलने पर वह रानवे नदी पुल के पास पहुंचा। जहां भाई शंकर लाल चक्रवर्ती ने बताया कि वह धनपुरी से साईकिल से वापस अपने घर आ रहा था शाम लगभग 4 बजे बम्हनी तिराहा रानवे नदी पुल के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एमवी 2309 का चालक तेज गति से चलाते हुये उसकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे वह गिर गया।

मोटर सायकिल चालक अपनी मोटर सायकिल से बरेला तरफ भाग गया। एक्सीडेण्ट से उसे हाथ, कमर में चोट आ गयी हैं। भाई शंकर लाल को उपचार के लिये शुभम अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## मोटर सायकिल सवार ने टक्कर मारी, दो जख्मी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना में गुरूवार की शाम गोविन्द गोंड़ उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कोहली थाना चरगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसका छोटा भाई लक्ष्मण गोंड़, दीपक गोंड़ एवं शंकर चौधरी चारों बरगी डेम घूमने जा रहे थे एक गाड़ी में वह एवं उसका भाई लक्ष्मण गौड़ बैठे थे गाड़ी वह चला रहा था दूसरी गाड़ी में उसका भतीजा दीपक गोंड़ एवं शंकर चौधरी थे दोपहर लगभग 3 बजे हम लोग जैसे ही ग्राम मरहापाठा के पास मोड़ में पहुंचे तभी सामने से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एनएफ 3446 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये दीपक की मोटर सायकिल में सामने से टक्कर मार दिया, जिससे भतीजा दीपक एवं शंकर चौधरी दोनों मोटर सायकिल सहित गिर गये एक्सीडेण्ट करने वाली मोटर सायकिल का चालक मोटर सायकिल से घाट पिपरिया तरफ भाग गया। गिरने से दीपक एवं शंकर चौधरी को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं। उसने दोनों घायलों को उपचार के लिये एम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है।

## रेलवे कर्मी को ऑटो चालक ने कट मार कर गिराया, एफआइआर दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना में गुरूवार की दोपहर लगभग 2-30 बजे तोसिफ अहमद उम्र 31 वर्ष निवासी बड़ा मदार छल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेल्वे में सीडब्ल्यु मे नौकरी करता है। गुरूवार को वह सीएन डब्ल्यु कार्यालय से डीआरएम ऑफिस अपनी चार्जिंग स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड जी 0942 से जा रहा था। जैसे ही से डीआरएम ऑफिस दोपहर लगभग 1 बजे पहुंचा तभी सामने से आ रहे सवारी ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर 3444 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये उसकी गाड़ी में टक्कर मार दिया। जिससे वह गिर गया और उसे जांघ में चोट आई है। ऑटो चालक थोड़ी देर रूका जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम हुकुम चंद सोनी उर्फ पप्पू सोनी उम्र 37 वर्ष निवासी मानेगांव शंकर नगर रांझी बताया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है।

## जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुख्यात बदमाश को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते दबोचा है। इस संबंध में शहपुरा थाना प्रभारी पूरवा चौरसिया ने बताया कि ऋषभ सिंह राजपूत पिता विजय सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 1 शहपुरा का बस स्टेण्ड शहपुरा का शातिर बदमाश है जिसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुये पुलिस ने जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया था। ऋषभ सिंह राजपूत की आपराधिक गतिविधियो को देखते हुये जिला दण्डाधिकारी ने 8-8-23 को ऋषभ सिंह को जिला जबलपुर एवं सीमावर्ती जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिये निष्कास्ति किया था। बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि ऋषभ सिंह राजपूत बहरू माता मंदिर की ओर से बस स्टेण्ड तरफ निकला है। जिस पर पुलिस ने सूचना पर बहरू माता मंदिर के पास छापा मारा और घेराबंदी कर ऋषभ सिंह राजपूत को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी खिलाफधारा 188 भादवि तथा 14 म.प्र.रा.सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## नाली के विवाद पर परिवार के लोगों को लाठियों से मारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट थानातंर्गत नाली के विवाद पर एक परिवार ने दूसरे परिवार पर लाठियों और पत्थर से हमला कर दिया। हादसे में महिलाओं सहित अन्य को गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में तंजीम कुरैशी निवासी सदर पीर जी का बगीचा ने बताया कि उनके पड़ोसी आमीन खान द्वारा घर के सामने नाली के लिए बडा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें आए दिन कोई न कोई हादसे हो रहे थे। इसी बात आमीन



खान, नानू, अनस और नदीम द्वारा उनके परिवार पर लोहे की रॉड, लाठी एवं पत्थर से हमला कर दिया गया। इस हमले में तंजीम की छोटी बहन तौशिबा कुरैशी एवं अन्य को गंभीर चोटें आई है। घायलों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत पर केंट पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

**नाली विवाद पर शहर में हो चुकी हैं सात हत्यायें-** ये छोटे-छोटे से विवाद कब रूप ले लेते हैं पता नहीं चलता। इसके पूर्व में भी शहर में सैनिक सोसायटी में नाली विवाद में दो पक्षों में विवाद के चलते सात हत्याएं हो चुकी हैं। जिसके बाद पूरे देश भर में इस घटना की चर्चाएं रही। इसके बाद नगर निगम व जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में कार्यवाही की। नेताओं ने इसे मुद्दा बनाया लेकिन शहर में समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और विवाद हो रहे हैं।

## खेत गया परिवार, घर में हो गई चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया कला में एक सूने घर में चोरों ने धावा बोल दिया और नगदी व जेवर चोरी कर ले गये। घर का मालिक खेती करता है। वह अपनी पत्नि के साथ तीन माह से दूसरे स्थान पर था। जानकारी के अनुसार बेलखेड़ा थाना में गुरूवार शाम जाहर सिंह लोधी उम्र 26 वर्ष निवासी पिपरियाकला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी खेती ग्राम हरदुआ ग्राम में है, लगभग 3 माह से वह तथा उसकी पत्नी खेती करने हरदुआ खेत में बनी टपरिया में रह रहे हैं। उसकी मां मथुरा बाई पिपरिया वाले घर में रहती हैं। गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे मां ने फोन कर बतायी कि घर में चोरी हो गयी है। घर की पेटी सामने पड़ी है तो वह अपनी पत्नी पूजा को लेकर पिपरिया वाले घर आकर देखा। तो कमरे का ताला टूटा था। कमरे में रखी दोनों पेटियां नहीं थी।

सामने खुले मैदान में जाकर देखा तो दोनों पेटी बाहर खुली पड़ी थी कुन्दा टूटे हुये थे। पेटी में रखा सामान बिखरा हुआ था। पेटी में रखे सोने का एक मंगलसूत्र, 1 हार, एक जोड़ी झुमकी, 4 चूड़ी, चांदी की पायल गायब थे। कोई अज्ञात चोर दरम्यानी रात चोरी कर ले गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुये मामले को जांच में लिया है।

## सट्टा लिखते सटोरिया पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में सट्टे का व्यापार तेजी से फल फूल रहा है। सट्टे के कारोबारी संदिग्ध स्थानों पर अपना अवैध व्यवसाय कर रहे हैं। इसी कड़ी में गढ़ा थाना पुलिस ने पीली बिल्डिंग के पास एक युवक को सट्टा लिखते दबोचा है। इस संबंध में गढ़ा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पीली बिल्डिंग क पास एक युवक सट्टा पट्टी लिखकर रहा है। जिस पर पुलिस ने सूचना के आधार पर पीली बिल्डिंग के पास छापा मारा जहां एक युवक सट्टा पट्टी लिखते हुये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम आलोक पटैल उम्र 18 वर्ष निवासी चौकीताल भेड़ाघाट बताया। जिसके कब्जे से 4 सट्टा पट्टी एवं 1 हजार 800 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## जुआफड़ पर पुलिस का छापा, 4 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना अंतर्गत मंशी मोहल्ला रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने कुछ जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा है। इस संबंध में बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि गुरूवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि मंशी मोहल्ला रेल्वे स्टेशन के पास खुले स्थान बरगी में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने तत्काल ने सूचना पर मंशी मोहल्ला में छापा मार दिया। जहां कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम क्रमश: गोलू बर्मन, विनीत गोस्वामी, राजेश साहू, दिलशाद खान सभी निवासी मंशी मोहल्ला बरगी बताये। पुलिस ने जुआरियों ताश के पत्ते एवं 5 हजार 960 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## केन्द्रीय जेल में स्वास्थ्य रक्षकों को प्राथमिक उपचार का मिला प्रशिक्षण










**जबलपुर, देशबन्धु।** जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देश पालन में केन्द्रीय जेल जबलपुर में प्राथमिक उपचार, सी.पी आर एवं अन्य स्वास्थ्य से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय जबलपुर के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. शोभा अग्रवाल (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. संतोष रौशन (सर्जरी रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. शिशिर गर्ग (नेत्र रोग चिकित्सक) एवं उनके सहयोगियों द्वारा जेल के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं बंदी स्वास्थ्य रक्षकों को प्राथमिक उपचार, सी.पी. आर. एवं अन्य स्वास्थ्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ ही बंदी स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसने बीमार बंदियों का उपचार किया गया। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक राकेश मोहन उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा द्वारा कार्यकम का सफल आयोजन कराया गया।

इस अवसर पर जेल चिकित्सक डॉ. आशुतोष अग्निहोत्री मेडिकल स्टॉफ एवं सगरत अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जिला बदर की कार्यवाही करने वाले आयुक्त व कलेक्टर को 25 हजार की कॉस्ट

### हाईकोर्ट ने माना गुण-दोषों के आधार पर नहीं पारित किया आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला बदल की कार्यवाही को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल ने सुनवाई के दौरान पाया कि गुण-दोषों की बजाये सिर्फ लिखित लाईनों के आधार पर आदेष पारित किया गया है। एकलपीठ ने कानूनी की दृष्टि में उसे उचित नहीं मानते हुए संभागायुक्त व कलेक्टर सीधी पर 25 हजार रूपये की कॉस्ट लगाई है।

सीधी जिले के शिवसेना पार्टी के नगर अध्यक्ष विवेक पांडे ने जिला बदल की कार्यवाही के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 18 सितम्बर को जिला कलेक्टर ने उनके खिलाफ जिला बदल का आदेष पारित किया था। जिसके खिलाफ उन्होने संभागायुक्त के समक्ष अपील की थी। संभागायुक्त ने भी राजनीतिक प्रभाव के कारण उनके अपील को निरस्त कर दिया था। जिला बदल की कार्यवाही उसके खिलाफ 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज होने के आधार पर की गयी थी। उसके खिलाफ अंतिम अपराध साल 2020 में दर्ज हुआ था।



सरकार की तरफ से तर्क दिया गया कि मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 में स्पस्ष्ट है कि बल व हिंसा का प्रयोग तथा भदस 1860 के अध्याय 5,12,16,17 या धारा 506 व 509 के तहत दंडित अपराध करने में या दुष्प्रेरण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई ने गवाही नही दी। जिसका कारण याचिकाकर्ता का भय बताया गया। इसी आधार पर कलेक्टर ने उसके खिलाफ जिला बदल का आदेष पारित कर दिया। जिला कलेक्टर ने दिमाग नहीं लगाते हुए सिर्फ कागज में लिखी लाईन के आधार पर आदेश पारित कर दिया। जो कानूनी की दृष्टि में उचित नहीं है। संभागायुक्त ने भी दायर अपील को खारिज कर दिया।

एकलपीठ ने संभागायुक्त व कलेक्टर पर 25 हजार रूपये की कॉस्ट लगते हुए जिला बदल के आदेश को निरस्त कर दिया। एकलपीठ ने कॉस्ट की रकम दिनों दिनों में याचिकाकर्ता को प्रदान करने के आदेश जारी किये है। राज्य सरकार दोनों अधिकारियों से कॉस्ट की रकम वसूलने के लिए स्वतंत्र है।

## रजिस्ट्रेशन के दौरान बताया कि एमसीआई ने बाहर कर दिया कोर्स

### महिला डॉक्टर की याचिका पर अनावेदकों से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक महिला डॉक्टर ने दो साल तक पीजी डिप्लोमा की पढ़ाई करने के बाद निर्धारित शर्तों के तहत एक साल तक अपनी सेवाएं प्रदान की। महिला डॉक्टर ने जब रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया तो उसे बताया गया कि सीट आवंटित किये जाने के पहले ही मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) ने डिप्लोमा को कोर्स से बाहर कर दिया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। चीफजस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को हमदस्त नोटिस जारी कर छह दिसंबर तक जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर को निर्धारित की है।

यह मामला याचिकाकर्ता डॉ. नंदीगामा मोनिका की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्होंने जीआर मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से एमबीबीएस का कोर्स पूरा किया था। इसके




बाद वह नीट परीक्षा में शामिल हुई थी। उसे साल 2020 में जीआर मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में पीजी आप्यमालजिस्टस डिप्लोमा की सीट प्रदान की गई थी। डिप्लोमा कोर्स करने के बाद एक साल तक निर्धारित शर्तों के तहत उन्होंने अपनी सेवाएं छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में प्रदान की। इसके बाद उसने डॉक्टर के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए एमपी मेडिकल काउंसलिंग के समक्ष आवेदन किया। मेडिकल काउसिंल की ओर से अक्टूबर माह में उन्हें जवाब दिया गया कि जिस कोर्स में उन्होंने डिप्लोमा किया है, एमसीआई ने उसे साल 2019 में ही बाहर कर दिया था। याचिका में कहा गया कि उसने शंकर नेत्रालय में डॉक्टर के पद के लिए आवेदन किया था। दिसम्बर माह में साक्षात्कार है। एमसीआई ने उक्त डिप्लोमा कोर्स को साल 2019 में बाहर कर दिया था तो चिकित्सा विभाग ने उसे साल 2020 में कैसे सीट आवंटित कर दी। याचिका में राहत चाही गई कि उसे प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन प्रदान किया जाये और एमसीआई उसकी सीट को बहाल करे।

याचिका में प्रमुख सचिव मेडिकल शिक्षा विभाग, एमपी मेडिकल काउंसिल, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नेशनल मेडिकल कमीशन को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को हमदस्त नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा।

## तंजानिया में बस-ट्रेन टक्कर में 13 लोगों की मौत, 25 घायल

**दोदोमा, (एजेंसियां)।** मध्य तंजानिया के सिंगिडा क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बस के रेल इंजन से टकरा जाने से कम से कम 13 यात्रियों की मौत हो गई और अन्य 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। सिंगिडा क्षेत्रीय पुलिस कमांडर स्टेला मुताहिबिरवा ने आशंका जतायी की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि घायल 25 यात्रियों में से अधिकांश की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में 57 यात्री सवार थे। बस व्यावसायिक केंद्र दार एस सलाम से म्वांजा ??जा रही थी। पुलिस कमांडर मुताहिबिरवा ने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के पांच बजे यात्रियों से भरी बस एक रेलवे क्रॉसिंग पर लोकोमोटिव (इंजन) से टकरा गई। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि बस चालक लापरवाही से बस चला रहा था और ट्रेन के आने से पहले रेलवे क्रॉसिंग से बस निकालने का प्रयास कर रहा होगा।

### हमास ने रखी नई शर्त

# 7000 फिलिस्तीनी रिहा करो और अपने लोग ले जाओ



इजरायल और हमास के बीच गाजा में थमे कत्लेआम का आज सातवां दिन है। इससे पहले बुधवार देर रात को हमास ने गाजा में कैद 16 और बंधकों को रिहा कर दिया। सीजफायर के तहत दोनों तरफ से कैदियों को रिहा किया जा रहा है।

संघर्ष विराम की अवधि बढ़ाने के लिए चल रही बातचीत के बीच हमास के एक नेता ने इजरायल को बड़ा ऑफर दिया है। कहा है कि अगर इजरायल इस्लामिक आंदोलन में बंद सभी 7000 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दे तो वे सभी बंदियों समेत इजरायली सैनिकों को भी छोड़ने के लिए तैयार हैं।

हमास का इजरायली सैनिकों के बदले फिलिस्तीनियों की रिहाई की मांग पहली बार नहीं है। 2011 में भी हमास ने यही पैंतरा अपनाकर 1100 कैदियों को मुक्त कराया था। एक दावे के अनुसार, इस वक्त भी इजरायली जेलों में 7000 से अधिक फिलिस्तीनी बंद हैं, जिनमें अधिकतर हमास के मेंबर हैं।

यह बयान दिया है हमास के अधिकारी और गाजा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बासेम नईम ने। उन्होंने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि हमास शत्रुता को समाप्त करने के लिए इजरायल से बातचीत कर रहा है।

नईम ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान केप टाउन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अपने सभी कैदियों के बदले में उनके गौरतलब है कि गाजा पर सत्ता करने वाले हमास आतंकी समूह ने 7 अक्टूबर को एक अभूतपूर्व हमले में दक्षिणी इजराइल से लगभग 240 लोगों को बंदी बना लिया था।

इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे। जवाब में, इजरायल ने हमास को खत्म करने की कसम खाई है और गाजा पट्टी में हवाई और जमीनी अभियान शुरू किया है, जिसके बारे में हमास सरकार का कहना है कि इसमें लगभग 15,000 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं।

**सीजफायर में अब तक कितने रिहा-** कतर की मध्यस्थता के बाद इजरायल और हमास के बीच छह दिनी सीजफायर में अभी तक 60 इजरायली बंधकों और 180 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जा चुका है। दोनों खेमों के बीच सीजफायर 30 नवंबर की सुबह समाप्त हो रहा है।

कतर दोनों के बीच सीजफायर बढ़ाने को लेकर काम कर रहा है। अभी भी इजरायल के 90 से ज्यादा बंधक हमास के कब्जे में हैं, जबकि हमास का आरोप है कि सैंकड़ों फिलिस्तीनियों को इजरायल ने इस्लामिक आंदोलन के आरोपों में जेल में बंद करके रखा है।

## आज का इतिहास

1640 – स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्रत हुआ।
1933 – कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
1959 – अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1963 – नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
1974 – वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
1976 – अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
1976 – बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
1987 – अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
1988 – पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
1988 – बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।

## भारतीय ने रची थी खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू की हत्या की साजिश, अमेरिका ने मढ़े नए आरोप

खालिस्तानी नेता और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका ने नया दावा किया है। अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि निखिल गुप्ता नाम के एक भारतीय ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। गुप्ता को चेक रिपब्लिक के अधिकारियों ने जून में गिरफ्तार किया था अब उसके प्रत्यर्पण का इंतजार किया जा रहा है। मैनहट्टन में शीर्ष संघीय वकील डेमियन विलियम्स ने एक बयान में कहा, सार्वजनिक रूप से सिखों के लिए एक संप्रभु राज्य की वकालत करने वाले एक अमेरिकी नागरिक (पन्नू) की हत्या की साजिश भारत से रची जा रही थी। अमेरिका ने पहले भी ऐसा दावा किया था कि एक सिख अलगाववादी को मारने की साजिश की जा रही थी, जिसे अमेरिका ने विफल कर दिया था। अमेरिकी न्याय विभाग के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय द्वारा एक प्रेस रिलीज में कहा कि निखिल गुप्ता कॉन्ट्रैक्ट किलर है। विभाग ने गुप्ता पर पैसे के बदले हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया।

अमेरिका के पिछले दावे पर भारत का रुख

इस मामले में अमेरिका के पिछले दावों को लेकर भारत ने जरूरी कदम उठाए हैं। भारत ने अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने हाल ही में दावा किया था कि उसने सबसे सीनियर लेवल पर, भारत के साथ अपनी सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं। इनमें संगठित अपराधियों, बंदूकों का कारोबार करने वालों और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ पर इनपुट साझा किया गया। खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू एक अमेरिकी-कनाडाई नागरिक है। वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल काउंसिल और भारत में एक नामित आतंकवादी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में एक बैठक के दौरान पीएम मोदी के साथ यह मामला उठाया था।

## पहले दिखाई अकड़ अब बैचेन हुआ तालिबान, भारत में क्यों खोलने पड़े बंद दूतावास

**नई दिल्ली।** चरमपंथी संगठन तालिबान ने जब से अफगानिस्तान में सत्ता संभाली है, वहां के लोगों का जीवन दुश्वार हो गया है। उग्रवादी सोच की वजह से दुनिया के कई देशों ने तालिबान को अभी तक मान्यता नहीं दी है। भारत भी इन्हीं देशों में से एक है। हाल ही में तालिबान ने यह कहकर भारत में अफगान दूतावास बंद कर दिए थे कि भारत से उन्हें सपोर्ट नहीं मिल रहा। अब तालिबान ने पलटी मारते हुए भारत में बंद पड़े अफगान दूतावास खोलने की घोषणा कर दी है। उनके विदेश उप मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास ने कहा कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंधों की मजबूती के लिए समर्पित है। हमने मुंबई और हैदराबाद में दूतावास फिर से खोल दिया है। तालिबान द्वारा नियुक्त अफगानिस्तान के विदेश मामलों के उप राजनीतिक मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने एक बयान में कहा, अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्पित है। भारत में एक अफगान दूतावास खोलने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। दूतावास का प्रबंधन प्रतिष्ठित अफगान राजनयिकों द्वारा किया जाएगा जो अफगानिस्तान और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। और भारत में रह रहे अफगान लोगों को उचित सुविधाएं देंगे।

## कर्तव्यनिष्ठ प्रेरक व्यक्तित्व : ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज

जैसा कि, गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है 'जब जब होय धरम कै हानी बाढही असुर महाअभिमानी। तब तब धरि प्रभु मनुज शरीरा नाशहि रोग हरहिं सब पीरा। '' आदिशंकराचार्य का प्रादुर्भाव वस्तुत: भारत वर्ष में सनातन धर्म की पुनर्स्था पना और वैदिक धर्म के वास्त विक अर्थबोध के लिए हुआ था जिसके लिए उन्होने अपनी बत्तीस वर्ष की अल्पआयु में भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए 04 मठ स्थापित किये। कालान्ततर में उनमें से दो ज्योर्तिमठ एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगतगुरू स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं वर्तमान दोनो पीठो के शंकराचार्यो के निज सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द सरस्वती जी का उल्लेख अतिमहत्वमपूर्ण है। इनका जन्म 01 दिसम्बर 1951 गोटेगांव में निकट ग्राम अतरिया में धर्मनिष्ठ श्री बद्रीनाथ द्विवेदी के द्वितीय पुत्र के रूप में हुआ। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से आचार्य की उपाधि प्राप्त की वह महाराज श्री की छत्रछाया मे ही पले बढ़े। वह महाराज श्री परछाई की तरह ही दृष्टव्य हैं। भगवान श्रीराम की उदारता और चरित्र निर्माण की महानता का वर्णन करते हुये गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा '%प्रभु तरू तर कपि डार पर'' और यही हाल तो जगतगुरू का भी है। श्री सुबुद्धानन्द न चाहते हुये भी अग्रिम भूमिका में सबको मान्य हैं। वह वास्तव में हनुमान जी की तरह अपने इष्टी के हर कार्यो को पूर्णता प्रदान करने वाले हैं। प्रभु श्रीराम जी 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे तो उन्होंने श्री हनुमान जी, अंगद, जामवन्त, नल, नील आदि से कहा –

ताते मोहि तुम अति प्रिय लागे।
मम हित लागि सकल सुख त्यागे ।

इसी तरह हम देखते है पूज्य जगद्गुरू की प्रत्येक संकल्पना को साकार करने में, अविराम सेवा में उनके हजारों नहीं लाखों अनुयायी तत्पर रहते हैं किन्तु श्री सुबुद्धानन्द जी मात्र 5 वर्ष की किशोरवय में सब कुछ छोड़कर महाराज श्री की सेवा में लग गये 1968 से आज भी सम्पूर्ण समर्पण के साथ, पूरी निष्ठा श्रद्धा के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सक्रिय रहते हैं। वह वैदिक परम्परा, सनातन धर्म के गूढ सिद्धान्तों के व्याख्याता हैं। परम विद्वान, विनयी, स्नेही, संवेदनाओं से परिपूर्ण व्यक्तित्व है उनका। उनकी स्मरण शक्ति गजब की है। हजारों हजार अनुयायियों से व्यक्तिगत रूप से उनके नाम से परिचित है अत्यन्त उदार, हमेशा प्रसन्न चित्त सबके प्रति कुशल क्षेम की सद्भावना रखते हैं।

आपके उल्लेखनीय कार्यों में कुछ इस प्रकार हैं – जबलपुर (म.प्र.) में श्री बगलामुखी,

**दुष्टायचार विनाशाय प्रादुर्भूते महीतले । स एव शंकराचार्य – साक्षात् कैवल्यहनायक- ।।**

सिद्धपीठ और शंकराचार्य मठ का निर्माण एवं नि: शुल्क जल सेवा का शुभारंभ एवं संचालन , श्रीधाम (परमहंसी गंगा (म.प्र.) सर्वसिद्धि हनुमान मन्दिर का निर्माण जमवीर वाटिका का निर्माण, ज्योर्तिमठ (बदरिकाश्रम उत्तराखण्ड में



**( 01 दिसम्बर अवतरण दिवस पर विशेष )**

आदि शंकराचार्य की गुफा का जीर्णोद्धार ज्योर्तिमठ का नव निर्माण , भोपाल (म. प्र. ) में श्री राजराजेश्वरी मन्दिर एवं शंकराचार्य मठ का निर्माण, रायपुर (छ.ग.) में श्री राजराजेश्वरी मन्दिर एवं शंकराचार्य मठ का निर्माण, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में श्री शंकराचार्य मठ का निर्माण, वाराणसी (उत्तरप्रदेश) में श्री विद्यामठ का निर्माण, चाईबासा (झारखण्ड) में विश्व कल्याण आश्रम में बड़े अस्पताल का निर्माण , सम्पूर्ण देश में चल रहे शंकराचार्य जी के 80 से अधिक प्रकल्पों का प्रत्यक्ष संचालन। श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास समय शंकराचार्य जी की गिरफ्तारी पर शंकराचार्य जी के आदेशानुसार भूमिगत रहकर राष्ट्रव्यापी आन्दोलन का संचालन दो बार, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ मन्दिर समिति, हिमालय मन्दिर समिति उत्तराखण्ड के सदस्य तथा उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे। दोनों कार्यस्थलों में बद्रीनाथ, केदारनाथ मन्दिरों के अन्तर्गत पूजा स्थलों तथा धर्मशालाओं का बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार हुआ, आद्य शंकराचार्य के गुरू गोविन्दपाद जी को भव्य मन्दिर का निर्माण सांकलघाट, नरसिंहपुर ,अध्यक्ष, मठ-मंदिर सलाहकार समिति मध्यप्रदेश शासन (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त )

पत्रकारिता के क्षेत्र में श्री सुबुद्धानन्द जी – कोलकाता से प्रकाशित दैनिक सन्मार्ग के संवाददाता, म.प्र. राज्य सरकार के अधिमान्य पत्रकार

लेखक श्री सुबुद्धानन्द जी- दिव्य विभूति (श्री स्वरूपानंद जी का जीवन परिचय), धर्म क्रान्ति से कारागार तक , श्री बगलामुखी उपासना पर चार पाठनीय ग्रंथ अन्य उपलब्धियां-ब्रह्लीन द्विपीठाधीश्वकर जगदगुरू शंकराचार्य स्वाामी स्वपरूपानंद सरस्वमती जी महाराज की समाधि निर्मिति का कार्य परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में प्रगति पर, अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल के न्यासी एवं संगठन मंत्री ,अ. भा. रामालय न्यास के अध्यक्ष ,अध्यात्म विद्या पीठ के अध्यक्ष, श्री रामजन्म भूमि पुनरूत्थान समिति के राष्ट्रीय संयोजक हैं । इस तरह हम देखते है कि ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद पूज्य पाद जगदगुरू स्वामी स्वरूपानन्द जी महाराज के प्रत्येक आदेश की अनुपालना करना और क्रियान्वयन करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हैं। मानवता के बारे में गोपालदास नीरज ने लिखा है –

क्या करेगा प्यार वह ईमान से
क्या करेगा प्यार वह भगवान से
जन्म लेकर आदमी की गोद में
कर ना पाया प्यार जो इन्सान से

श्री सुबुद्धानन्द जी हर जाति, वर्ण, सम्प्रदाय भाषा के व्यक्तियों से प्रेम करते हैं। जगद्गुरू का औदार्य भाव उनमें भी निहित है। सनातन वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार में दिन-रात लगे रहते हैं। समाज को धर्म और अध्यात्म की ओर उन्मुख करते हुये जीवन में नैतिक गुणों का विकास कर रहे है, म.प्र. शासन में धर्माध्यक्ष होने के नाते आदि भाषा संस्कृत के प्रचार- प्रसार, मन्दिरों, मठों के सुव्यवस्थापक, गौ संरक्षक संस्कृत विद्यालयों और उनके आचार्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये निरन्तर कार्य कर रहे हैं। पूज्यपाद जगतगुरू के प्रत्येक संकल्प को साकार रूप देने के लिये अपने अनन्य सहयोगियों, अनुयायियों के साथ सक्रिय हैं। श्री हनुमान जी की तरह उनके बारे में कहा जा सकता है –

कवन सो काज कठिन जग माहीं
जो नाहि होई तात तुम पाहीं ।

हर असम्भव कार्य को सम्भव करना उनकी दिनचर्या में शामिल है। ऐसे श्रेष्ठ कर्मयोगी को सादर नमन निवेदित करते हुये उनके स्ववस्य्नचर, सुदीर्घ, यशस्वी जीवन के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ ।

**– डॉ. अभिजात त्रिपाठी**
**जबलपुर**

## अमेरिका के आरोपों से कनाडा को मिला बल, जस्टिन ट्रूडो बोले- मेरी बात को भी गंभीरता से ले भारत

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका के द्वारा लगाए गए आरोप के बाद खालिस्सतानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता की बात को दोहराया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि अमेरिका का आरोप है कि भारत सरकार के एक अधिकारी ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की असफल साजिश रची थी। इस आरोप के बाद भारत को कनाडा के द्वारा लगाए गए इसी तरह के आरोपों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। अमेरिकी न्याय विभाग ने बुधवार को कहा था कि एक 52 साल के एक व्यक्ति ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ काम किया था। सुरक्षा और खुफिया जानकारी देना उनका काम था। उन्होंने अलग खालिस्तान की मांग करने वाले एक न्यूयॉर्क के निवासी की हत्या की साजिश रची थी।

## सुडोकू 6392


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6392



**बायें से दायें:-**
१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पास्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, ज़रूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**
१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

**वर्ग पहेली-6391**



**यूसुफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**चुनाव** *16वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 183 महिलाओं ने लड़ा चुनाव*

# राजस्थान में अब तक 198 महिलाएं पहुंची विधानसभा

**जयपुर, (एजेंसियां)। राजस्थान में 16वीं विधानसभा के लिए गत 25 नवम्बर को हुए चुनाव में 183 महिलाओं ने चुनाव लड़ा है जबकि इससे पहले आजादी के बाद हुए पन्द्रह विधानसभा चुनावों में 1069 महिलाओं ने चुनाव लड़ा जिनमें 198 महिलाएं विधानसभा पहुंची। पिछले सत्तर से अधिक वर्षों में इन पन्द्रह विधानसभा चुनावों में 1069 महिलाओं ने चुनाव।**



**■ आजादी के बाद हुए पन्द्रह विस चुनावों में 1069 महिलाओं ने चुनाव लड़ा**

लड़ा और इनमें 18.52 प्रतिशत महिलाएं विधानसभा पहुंची। इनमें कई महिलाएं एक से अधिक बार भी चुनाव जीता। इनमें जोधपुर की सूर्यकांता व्यास छह बार विधानसभा का चुनाव जीता। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ जिले में झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक चुनी गई और दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी। इस बार फिर चुनाव लड़ा हैं। इसी तरह अन्य कई महिलाएं एक से अधिक बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। राजस्थान की 16वीं विधानसभा के लिए गत 25 नवंबर को मतदान हो चुका है जिसका परिणाम तीन दिसंबर को आयेगा। इस चुनाव को मिलाकर राज्य में अब तक हुए 16 विधानसभा चुनावों में 1252 महिलाएं विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। राज्य में इस बार हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने सर्वाधिक 28 महिलाओं को चुनाव लड़ाया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 20 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी करीब 20 महिलाओं को चुनाव लड़ने का अवसर दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) आम आदमी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं को टिकट देकर इस चुनाव में उतारा।

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 27 महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 23 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा था। इनमें कांग्रेस की 12 महिला उम्मीदवार विधानसभा पहुंची जबकि भाजपा की दस महिला प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। इस चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की प्रत्याशी इंदिरा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी रमिला खड़िया भी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। इस बार 16वीं विधानसभा के चुनाव में रमिला खड़िया ने कांग्रेस प्रत्याशी एवं इंदिरा रालोपा उम्मीदवार के रूप में फिर चुनाव लड़ा हैं। पिछले पन्द्रह विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक वर्ष 2008 एवं 2013 में क्रमशः 28-28 महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। वर्ष 2008 में 154 महिला प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा जबकि वर्ष 2013 में 166 महिलाओं ने विधानसभा का चुनाव लड़ा। इन दो चुनावों के बाद वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 189 महिलाओं ने चुनाव लड़ा और 24 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची।

# खेल जगत

## ओटागो ओवल को अस्थायी रूप से सूज़ी बेट्स ओवल नाम दिया जाएगा

**डुनेडिन।** डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल अस्थायी रूप से अपनी पूर्व छात्र सूजी बेट्स को अगले सप्ताह अपना नामकरण अधिकार सौंप देगा क्योंकि न्यूजीलैंड की महिलाएं पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर की शुरुआत करेंगी।

सूजी बेट्स ओवल अनुभवी ऑलराउंडर के सम्मान में टी20 सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी करेगा, जो न्यूजीलैंड के हाल के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 300 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की तीसरी महिला बनीं। इस अवसर पर सूजी का परिवार, दोस्त, टीम के साथी और कोच डुनेडिन में मौजूद रहेंगे। 36 वर्षीय सूजी को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए परिचित दिखने वाली न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल किया गया है, जो पूरी तरह से साउथ आइलैंड में खेली जाएगी।



# टेस्ट क्रिकेट खेलने की चाहत अभी बाकी है : मैक्सवेल

**मेलबर्न।** भारत के लगभग दो महीने लंबे दौरे से स्वदेश लौटने के बाद, जिसमें 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा नहीं छोड़ी है।

मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए - नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी, साथ ही 47 गेंदों में शतक। गुवाहाटी में भारत के खिलाफ तीसरा टी20 मैच चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट टीम में वापस बुलाने के लिए प्रेरित कर सकता है। मैक्सवेल को मेलबर्न हवाई अड्डे पर द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने यह कहते हुए उद्धृत किया, मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, आप गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पैर की चोट के कारण इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की भारत यात्रा से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मैक्सवेल को 2025 में श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए उनकी योजनाओं में शामिल होने के बारे में बताया था। मैक्सवेल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ छह विकेट की अंतिम जीत में ऑस्ट्रेलिया के लिए विजयी रन भी बनाए, उन्हें लगता है कि यह क्षण उनकी स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

फाइनल में दो रन बहुत अच्छे थे। मुझे नहीं लगता कि इससे ऊपर कुछ भी होने वाला है। भले ही टूर्नामेंट के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुछ क्षण थे,



मुझे लगता है कि फाइनल... उससे ऊपर कुछ भी नहीं होने वाला है। टेस्ट क्षेत्र में मैक्सवेल की वापसी का दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी समर्थन किया है। मैं उन्हें उन

> मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, आप गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है : ग्लेन मैक्सवेल

परिस्थितियों में अपने हरफनमौला खेल के कारण टेस्ट लाइन-अप में वापस आते हुए देख सकता हूं।


उन्होंने एसईएन रेडियो पर कहा, अफगानिस्तान के खिलाफ उस मैच में (201 नाबाद), जो कि अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय एक दिवसीय पारी है। मैं बहुत सारे मैच देख चुका हूं, बहुत सारे मैच खेले हैं।मैंने ऐसा कभी नहीं देखा।

## नाथन लियोन सीजन 2024 के लिए लंकाशायर क्रिकेट में शामिल हुए

**ओल्ड ट्रैफर्ड।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर नाथन लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वो अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होंगे। लंकाशायर क्रिकेट ने नाथन लियोन के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए गुरुवार को एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, लंकाशायर क्रिकेट को 2024 सीजन के लिए अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय ऑफ-स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन के विदेशी अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद वो 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होगा। तीन बार के एशेज विजेता और मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन लियोन के पास 122 मैचों में 31 की औसत से 496 शिकार के साथ एक ऑस्ट्रेलियाई फिंगर स्पिनर द्वारा लिए गए सबसे अधिक टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड है। उन्हें आईसीसी टेस्ट टीम 2018, 19 और 22 में नामित किया गया था। वह स्पिन गेंदबाज के रूप में चौथे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं और वर्तमान में अब तक के आठवें सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ हस्ताक्षर करने के बाद कहा, यह मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है और मैं वास्तव में लंकाशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के पूर्ण सत्र के लिए इंग्लैंड जाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे इंग्लैंड में क्रिकेट खेलना पसंद है। मैं सीखना जारी रखने, अपने खेल में सुधार करने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि मैं रेड रोज के लिए मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं और अपने करियर के दौरान वर्षों में प्राप्त किए गए कुछ अनुभवों को साझा कर सकता हूं। अब तक के 202 करियर प्रथम श्रेणी मैचों में न्यू साउथ वेल्स में जन्मे लियोन ने 33 की औसत से 733 विकेट लिए हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में 90 और टी20 मैचों में 57 शिकार किए हैं। लियोन अपने गृह राज्य न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलते हैं और उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स, सिडनी सिक्सर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हस्ताक्षर किए हैं। ऑफ स्पिनर को 2017 सीज़न के दौरान वॉर्सेस्टरशायर के साथ काउंटी चैम्पियनशिप का एक संक्षिप्त स्वाद मिला।

## बाबर की स्मिथ से तुलना करना लगभग स्मिथ की कोहली से तुलना करने जैसा है : उस्मान ख्वाजा

**पर्थ।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने स्टीवन स्मिथ और बाबर आजम के बीच टकराव की तुलना करते हुए कहा कि यह सिडनी स्थित स्मिथ की तुलना करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के साथ करने जैसा है।



आजम भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद श्रृंखला में आए, जिसके कारण उन्हें सभी प्रारूपों में नेतृत्व की जिम्मेदारी छोड़नी पड़ी। दूसरी ओर, स्मिथ अहमदाबाद में वैश्विक ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य के रूप में श्रृंखला में आते हैं।

बाबर आजम तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। स्टीव स्मिथ हमारे युग के महानतम बल्लेबाज हैं। जब वे दोनों यहां बेनो-कादिर श्रृंखला में खेलेंगे, तो यह रोमांचक होगा। स्मिथ के साथ बाबर की बराबरी करना लगभग वैसा ही है जैसा कोहली के साथ स्मिथ की बराबरी करना।

ख्वाजा ने पत्रकारों से कहा, बाबर के बारे में एक बड़ी बात यह है कि वह केवल पाकिस्तान में ही रन नहीं बनाता, बल्कि वह विदेशों में भी रन बनाता है। उसने पहले भी यहां शतक बनाया है।

ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों, खासकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी की चुनौती को भी स्वीकार किया। मुझे लगता है कि शाहीन शाह और मिचेल स्टार्क, दोनों बहुत तेज़ गेंदबाज़ हैं और दोनों 145 तक गेंदबाज़ी कर सकते हैं। हम जानते हैं कि स्टार्क नई गेंद को स्विंग करा सकते हैं।

शाहीन की कलाई बहुत अच्छी है। वह निश्चित रूप से गेंद को स्विंग करते हैं। जब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बादल छाए होते हैं, अगर कोई तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग करा रहा है, तो यह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में हमारे काम को थोड़ा कठिन बना देता है।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है, लेकिन ख्वाजा को लगता है कि वे 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में हल्के में लेने वाली टीम नहीं हैं। पाकिस्तान दुनिया की बेहतर टीमों में से एक है। उनके पास अच्छी बल्लेबाज़ी है और उनके पास हमेशा बेहतरीन तेज़ गेंदबाज़ हैं।

पिछली टीमों को देखते हुए, मुझे लगता है कि यह पाकिस्तान की सबसे मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप है। बाबर आजम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। इमाम उल हक और अब्दुल्ला शफीक ने बहुत सारे रन बनाए हैं। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

14-18 दिसंबर तक पर्थ में शुरुआती टेस्ट के बाद, ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के अगले दो टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (26-30 दिसंबर) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (3-7 जनवरी, 2024) में होंगे।

## भारत दौरे पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : ओली पोप

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि उनकी टीम भारत में अगले साल के बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बैज़बॉल रणनीति के तहत ही खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरुआती टेस्ट जीतने के बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के दमदार प्रदर्शन के आगे मेहमान टीम सीरीज 3-1 से हार गई। टेलीग्राफ ने पोप के हवाले से कहा, दाएँ हाथ के खिलाड़ी के रूप में दोनों किनारों पर ख़तरा है। अश्विन शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, वहीं रवींद्र जड़ेजा और अक्षर तेजी से गेंद को बल्ले से दूर घुमा रहे थे। भारत की पिच पर इन गेंदबाजों का सामना करना और उन पर दबाव डालना कठिन है लेकिन हम इसे अपने तरीके से खेलते हुए



जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती देंगे।

पोप को भारतीय परिस्थितियों में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा और आठ पारियों में 19.13 की औसत से केवल 153 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने इस साल लॉर्ड्स में दूसरे एशेज मैच के बाद से टेस्ट नहीं खेला है, जहां वो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। वह हाल ही में अबू धाबी में इंग्लैंड लायंस के साथ थे और उन रणनीतियों पर काम कर रहे थे, जिन्हें भारत के टेस्ट दौरे में उनके सामने आने वाली पिचों पर अपने गेम प्लान को लागू करने की आवश्यकता होगी। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में तीसरे नंबर पर आने के बाद से पोप का औसत 45.3 हो गया है जबकि इससे पहले यह 28.7 था। पोप का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम थिंक-टैंक होने से खिलाड़ियों को अधिक सुरक्षा मिली है।

# युगांडा ने टी-20 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

**दुबई।** युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है।

युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन



किया, वहीं गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।

# पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

**नई दिल्ली।** स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए गुरुवार को हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है।



टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।

गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अगले सात महीने हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हमें बहुत सारे मैच खेलने हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एक प्रक्रिया का पालन करें और चरण-दर-चरण आगे बढ़ें।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने घरेलू मैदान पर होने श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे और यह बंगलादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी।

न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है। सॉयर ने कहा, हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बंगलादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें।

## शान मसूद को पीसीबी ने बी श्रेणी में किया अपग्रेड

**कराची।** नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शान मसूद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रेणी डी से अपग्रेड करके बी में दिया गया है।

मसूद ने हाल ही में बाबर आजम की पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया और वह 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड की नीति के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत अगर ए या बी श्रेणियों से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है तो उनके अनुबंध को उनके कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड किया जाना चाहिए। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को हाल ही में पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 1597 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक भी शामिल हैं।

जुलाई में श्रीलंका को सीरीज में 2-0 से हराकर पाकिस्तान वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नंबर एक पर है। पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में शुरू होगा उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जायेगा और तीन से सात जनवरी के दौरान सिडनी में तीसरे टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त होगी।

# अमित पंघाल, संजीत सहित सेना के 12 मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल और 2021 के एशियाई चैंपियन संजीत ने क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत हासिल की और वे सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के अपने 10 अन्य साथियों के साथ शिलांग में 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन गुरूवार को सेमीफाइनल में पहुंच गए।

चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल चरण में 51 किग्रा में अमित पंघाल और 92 किग्रा में संजीत का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में, पंघाल ने जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद आरिफ के खिलाफ अपने अनुभव का प्रदर्शन किया, पूरे मुकाबले पर हावी रहे और अंततः सर्वसम्मत निर्णय से आसानी से मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला आरएसपीबी के अंकित से होगा।



इस बीच, 2021 एशियाई चैंपियन, संजीत 92 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर के खिलाफ आमने-सामने थे। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे क्योंकि उन्होंने मुकाबले पर नियंत्रण रखा और दूर से खेलते हुए पूरे समय जोरदार मुक्के मारे। उन्होंने गति जारी रखी और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की।

सेमीफाइनल में संजीत का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस (एआईपी) के विक्की से होगा।

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य 10 एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा) शामिल हैं।

अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में, असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा ने, अपने प्रसिद्ध कौशल सेट और शक्तिशाली पंचों का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली के शशांक प्रधान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में दबदबा बनाया। उन्होंने 5-0 से शानदार जीत हासिल की और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा।

## सार संक्षेप

### केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। बुधवार की रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की। जबकि जॉर्डन मरे ने 13वें और 24वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11वें और 59वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 38वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

### महिला जूनियर विश्व कप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से धोया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में शुरुआती मैच में बुधवार को कनाडा के खिलाफ 12-0 से शानदार जीत हासिल करके अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत की ओर से अन्नू (4, 6, 39), दीपी मोनिका टोप्पो (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 60), दीपिका सोरेंग (34, 50, 54), और नीलम (45) ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव बनाये रखा। अन्नू ने चौथे और छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो शुरुआती गोल किए। दूसरे क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो ने 21वें और मुमताज खान 26वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किया।


### सुडोकू 6392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

# अर्थ जगत

## रुपया सात पैसे टूटकर 83.39 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.39 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि तेल उत्पादक समूह ओपेक+ द्वारा वार्षिक उत्पादन लक्ष्य की घोषणा से पहले कच्चे तेल की कीमतें 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब थीं। इससे रुपया दबाव में रहा। उन्होंने कहा कि निवेशकों को आज जारी होने वाले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों का भी इंतजार है।



## राजकोषीय घाटा अक्टूबर में पूरे साल के लक्ष्य का 45 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** सरकार का राजकोषीय घाटा अक्टूबर के अंत में पूरे साल के बजट अनुमान के 45 प्रतिशत तक पहुंच गया। लेखा महा-नियंत्रक ने बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान 8.03 लाख करोड़ रुपये था। सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 45.6 प्रतिशत था। सरकार का राजकोषीय घाटा 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## देश में 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन इस साल 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन इस साल के अंत तक 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2029 तक बढ़कर 86 करोड़ होने का अनुमान है। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को यह बात कही गई है। एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2029 के अंत तक भारत में मोबाइल सब्सक्रिप्शन में 5जी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा 68 प्रतिशत होने का अनुमान है।

## शहरी बेरोजगारी दर 6.6 फीसदी पर रही बरकरार, युवा बेरोजगारों में आई मामूली कमी : एनएसएसओ डेटा



***नई दिल्ली।** पीएलएफएस आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 की कोविड-प्रभावित अप्रैल-जून तिमाही में दर्ज की गई दर के बाद से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट आ रही है। लगातार दो महीने गिरावट के बाद दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) देश की शहरी बेरोजगारी दर 6.6 फीसदी पर स्थिर रही।*

तिमाही के दौरान श्रम बाजारों में मामूली गिरावट देखी गई। यह स्थिरता बढ़ती श्रम शक्ति के बीच आया है। इसका अर्थ हुआ कि शहरी अर्थव्यवस्था तिमाही के दौरान रोजगार सृजित नहीं कर सकीं।

हालांकि, सितंबर तिमाही में 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर हाल के पांच वर्षों में सबसे कम रही, जब से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शहरी बेरोजगारी दर के तिमाही आंकड़े जारी करने शुरू किए हैं। एनएसओ दिसंबर 2018 से आंकड़े जारी कर रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 की कोविड-प्रभावित अप्रैल-जून तिमाही में दर्ज की गई 12.6 फीसदी की उच्च दर के बाद से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट आ रही है। तिमाही के दौरान पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 5.9 फीसदी से मामूली बढ़कर 6 फीसदी हो गई, जबकि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर 9.1 फीसदी से घटकर 8.6 फीसदी हो गई। वित्त वर्ष 2022 की अप्रैल-जून तिमाही के बाद से इन आंकड़ों में भी गिरावट आ रही है, जब यह क्रमशः 12.2 फीसदी और 14.3 फीसदी था। हालांकि, युवाओं (15 से 29 आयु वर्ग) के लिए बेरोजगारी दर जून तिमाही में 17.6 फीसदी से घटकर दूसरी तिमाही में 17.3 फीसदी हो गई।

## औद्योगिक उत्पादन ने पकड़ी रफ्तार, अक्टूबर में 12 पर्सेंट से भी ज्यादा रही 8 कोर सेक्टर की ग्रोथ



**नई दिल्ली।** देश का औद्योगिक क्षेत्र पूरी रफ्तार पकड़ने लगा है. अक्टूबर महीने के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन में जबरदस्त ग्रोथ दर्ज की गई. गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने 8 कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 12 फीसदी के पार निकल गई. वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार 30 नवंबर की शाम में अक्टूबर महीने के औद्योगिक उत्पादन के आधिकारिक आंकड़ों को जारी किया. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर महीने में आठ कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 12.1 फीसदी रही. इससे एक महीने पहले यानी सितंबर में 8 कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 8.1 फीसदी रही थी. हालांकि अब सितंबर की दर को वाणिज्य मंत्रालय ने संशोधित कर 9.2 पर्सेंट कर दिया.

## रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद घटे सोने के दाम, चांदी में आई मामूली बढ़त

***नई दिल्ली।** कल सोने की चमक में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह ऐतिहासिक 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार करते हुए 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर जा पहुंचा था.*

आज यानी गुरुवार 30 नवंबर 2023 को सोने की कीमत में मामूली गिरावट देखी जा रही है और यह 21 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी के साथ 62,584 रुपये के स्तर पर बना हुआ है. कल सोना वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 62,605 रुपये पर बंद हुआ था. देश में शादियों का सीजन चल रहा है, ऐसे में सोने के दामों में रिकॉर्ड उछाल से उन लोगों को की जेब पर सीधा असर पड़ने वाला है जो ज्वेलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं.



76,000 के करीब पहुंची चांदी-वायदा बाजार में गुरुवार को सोना जहां मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी की चमक बरकरार है. आज सिल्वर 13 रुपये की मामूली तेजी के साथ 75,785 रुपये प्रति किलोग्राम के पर बना हुआ है. बुधवार को चांदी एमसीएक्स पर 75,772 रुपये प्रति किलोग्राम के पर बंद हुई थी. वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत स्थिर बना हुआ है. यह 2,042.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है. वहीं चांदी कल के मुकाबले मामूली 0.21 फीसदी कमी के साथ 25.020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है.

## भारत की तेज रफ्तार! दूसरी तिमाही में 7.6 फीसदी रही विकास दर




***नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के बीच देश की अर्थव्यवस्था ने 7.6 फीसदी के दर से विकास किया है. इसी वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल से जून के दौरान जीडीपी 7.8 फीसदी रही थी.वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 6.3 फीसदी रही थी.*

ज्यादातर एनालिस्ट्स उम्मीद कर रहे थे कि दूसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर का आंकड़ा 6.8 फीसदी के आसपास रहेगा. भारतीय रिजर्व बैंक ने दूसरी तिमाही में 6.5 फीसदी जीडीपी रहने का अनुमान जताया था.

**प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर महीने में 12.1 फीसदी बढ़ा**

8 प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन इस साल अक्टूबर में 12.1 फीसदी बढ़ा. पिछले साल समान माह में इसमें 0.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी. 30 नवंबर को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, उर्वरक को छोड़कर सभी क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई. सितंबर में प्रमुख क्षेत्र (कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली) की वृद्धि दर 9.2 फीसदी रही है. कोयला, इस्पात, सीमेंट और बिजली उत्पादन में वृद्धि दहाई अंक में रही. आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर तक 8 बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि 8.6 फीसदी रही, जो पिछले साल समान माह में 8.4 फीसदी थी.

## जीएसटी विभाग ने सिएट को भेजा 1.98 करोड़ रुपये का नोटिस

**नयी दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 1.98 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें कंपनी पर केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा लगाया गया जुर्माना भी शामिल है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह मांग सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के लागू प्रावधानों के तहत ट्रांजिशनल क्रेडिट और ट्रांस2 क्रेडिट के उल्लंघन से संबंधित है। वडोदरा-2 के सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ने 1.80 करोड़ रुपये की मांग नोटिस भेजा है और 18 लाख रुपये का जुर्माना अलग से लगाया गया है।

सिएट लिमिटेड ने कहा, कंपनी मामले का विश्लेषण करने और अपीलीय प्राधिकारी के पास अपील दायर करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है।

## बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 86 अंक चढ़ा

***मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान और अमेरिकी बाजारों में सुस्ती के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 86.53 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,988.44 पर बंद हुआ।*

दिन के कारोबार में सूचकांक 67,069.89 के उच्चतम और 66,610.35 के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन लगातार दूसरे दिन 4,000 अरब डॉलर से ऊपर बना रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.55 अंक यानी 0.18 प्रतिशत बढ़कर 20,133.15 पर बंद हुआ। टाटा टेक्नोलॉजीज और गांधार ऑयल रिफाइनरी (इंडिया) लिमिटेड के शेयर जोरदार बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। इससे बाजार में उम्मीद बढ़ी है। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, टाइटन, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक नुकसान में रहे। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.84 प्रतिशत चढ़कर 83.80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।



## एक दिसंबर से होंगे 5 बड़े बदलाव, सिम खरीदने के लिये नियमों में बदलाव

***नई दिल्ली।** हर महीने की तरह दिसंबर भी कई बड़े बदलावों के साथ शुरू हो रहा है। ये परिवर्तन आपकी रसोई के बजट से लेकर आपके बैंक तक से जुड़े हुए हैं, जिनका आप पर सीधा असर होगा। बदलावों की लिस्ट में एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी या कटौती शामिल है, तो वहीं अब सिम लेने के लिए भी नया नियम लागू कर दिया जाएगा।*

**रसोई गैस की दामों में बदलाव**- ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी के दामों में संशोधन करती हैं। ऐसे में दिसंबर महीने की पहली तारीख को भी एलपीजी सिलेंडर से जुड़ा कोई बड़ा बदलाव सामने आ सकता है। इससे पहले नवंबर की पहली तारीख को तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा किया था। अब कल सुबह-सुबह ये जानकारी सामने आ जाएगी कि गैस सिलेंडर की कीमतों में राहत मिलती है, या फिर झटका लगता है। वैसे देश में 14 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें लंबे समय से स्थिर हैं, तो ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि इसमें कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है।

**बैंकों के लिए मिल सकता है झटका**- 1 दिसंबर 2023 से होने वाले दूसरे बड़े बदलाव की बात करें तो ये आपके लिए राहत भरा और बैंकों के लिए थोड़ा झटका देने वाला है। पहली तारीख से बैंक से जुड़ा जो चेंज होने जा रहा है, उसके बारे में भारतीय रिजर्व बैंक पहले ही जानकारी शेयर कर चुका है। दरअसल, केंद्रीय बैंक ने किसी भी ग्राहक द्वारा लोन का पूरा पेमेंट किए जाने के बाद गारंटी के एवज में रखे गए डॉक्युमेंट्स को समय पर वापस ना करने की स्थिति में बैंकों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया है। ये जुर्माना 5000 रुपए प्रति महीने तय किया गया है।

**नई सिम खरीदने के लिए नियमों में बदलाव**- दिसंबर महीने की 1 तारीख से होने वाले तीसरे बदलाव की बात करें तो ये टेलीकॉम सेक्टर से जुड़ा हुआ है। नया सिम खरीदने के लिए अब किए गए हैं जो 1 दिसंबर से लागू होने जा रहे हैं।

अब कोई भी दुकानदार पूरी केवाईसी के बिना किसी भी ग्राहक को सिम नहीं बेच पाएगा। केवाईसी नियम के अलावा बल्क में सिम खरीदारी पर भी ब्रेक लगाया गया है। टेलीकॉम विभाग के मुताबिक, नए नियमों के तहत अब एक आईडी पर लिमिटेड सिमकार्ड जारी करने का प्रावधान किया गया है। नियमों को दरकिनार करने वालों पर 10 लाख तक का जुर्माना और जेल भी हो सकती है।

**पेंशनर्स को करना होगा ये काम**- साल 2023 के आखिरी महीने की शुरुआत में हो रहे बदलावों में एक अहम पेंशनर्स से जुड़ा हुआ भी है। दरअसल, 60 से 80 साल के पेंशनभोगियों के लिए 30 नवंबर की तारीख अहम है, क्योंकि लगातार पेंशन पाने के लिए उन्हें इस तारीख तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करना है। अगर पेंशनर ऐसा ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उनकी पेंशन में रोड़ा अटक सकता है। गौरतलब है कि हर पेंशनर को साल में एक बार अपना जीवन का प्रमाण देना पड़ता है।

**क्रेडिट कार्ड में होगा बदलाव**- पांचवे बदलाव की अगर बात करें तो ये प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक से संबंधित है। बैंक ने अपने रेगलिया क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले लाउंज ऐक्सिस प्रोग्राम में बदलाव कर दिया है।

ये बदलाव एक दिसंबर 2023 से लागू हो जाएगा। अब रेगलिया क्रेडिट कार्ड होल्डर को फ्री लाउंज एक्सिस सुविधा के लिए हर तीन महीने में एक लाख रुपए का क्रेडिट यूज करना अनिवार्य होगा। इस खर्च मापदंड की पूर्ति पर ही कार्ड होल्डर इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

## वॉलमार्ट फाउंडेशन ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन को देगी 12 लाख अमेरिकी डॉलर की आर्थिक सहायता

***नई दिल्ली।** वॉलमार्ट फाउंडेशन ने ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन को 12 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 10 करोड़ रुपये) की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उत्तर प्रदेश में 15,000 महिला ग्रामीण किसानों की औसत आधार आय बढ़ाने व उनकी आजीविका में सुधार करने के लिए इस आर्थिक सहायता का इस्तेमाल किया जाएगा।*




फाउंडेशन की ओर से जारी बयान के अनुसार, आर्थिक सहायता का इस्तेमाल दो साल की परियोजना के लिए किया जाएगा। मुख्य रूप से 10 आत्मनिर्भर महिला नेतृत्व वाले एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) बनाने। महिला किसानों की आजीविका बढ़ाने तथा विविधता लाने के लिए एक मंच तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वॉलमार्ट फाउंडेशन की उपाध्यक्ष (मुख्य परिचालन अधिकार) जूली गेहरकी ने कहा- यह परियोजना 2028 तक कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं के साथ 10 लाख किसानों तक पहुंचने की हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से प्रतिबिंबित करती है। यह निवेश ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक महिलाओं तक हमारी पहुंच का विस्तार करेगा। स्थायी वृद्धि को बढ़ावा देगा और आय के अतिरिक्त स्रोतों को खोलकर हमारे प्रभाव को मजबूत करेगा। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) के प्रबंध निदेशक अनीश कुमार ने कहा- वॉलमार्ट फाउंडेशन का यह आर्थिक सहायता वंचित तथा महिला किसानों के लिए संस्थागत मॉडल विकसित करने के काम आएगा।

## देश के सात शहरों में अल्ट्रा-लक्जरी मकानों की बिक्री तीन गुना हुई : एनारॉक

***नयी दिल्ली।** मजबूत मांग के दम पर सात प्रमुख शहरों में इस साल अभी तक 40 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले अल्ट्रा-लक्जरी (भव्य व आलीशान) मकानों की बिक्री तीन गुना होकर 4,063 करोड़ रुपये रही। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह जानकारी दी है।*



एनारॉक के अनुसार, भारत के शीर्ष सात प्रमुख शहरों दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई-एमएमआर (मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में इस साल अभी तक 4,063 करोड़ रुपये की 58 इकाइयों की बिक्री हुई है। रियल एस्टेट सलाहकार के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में 1,170 करोड़ रुपये मूल्य की 13 इकाइयां बेची गई थी। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वैश्विक महामारी के बाद से लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी दोनों संपत्तियों की मांग बढ़ी है। एचएनआई (हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल) और अल्ट्रा-एचएनआई निवेश, व्यक्तिगत इस्तेमाल या दोनों के लिए ऐसे मकान खरीद रहे हैं। देश में 2023 में अभी तक शीर्ष सात शहरों में बेची गई 58 अल्ट्रा-लक्जरी संपत्तियों में से अकेले मुंबई में 53 इकाइयां बेची गईं। गुरुग्राम में दो अपार्टमेंट और नई दिल्ली में दो बंगले बेचे गए। हैदराबाद के जुबली हिल्स में 40 करोड़ रुपये से अधिक का एक आवासीय सौदा हुआ। गुरुग्राम स्थित क्रिसुमी कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने रिपोर्ट पर कहा, हाल के वर्षों में विभिन्न आय वर्ग के लोगों में मकान खरीदने की इच्छा उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यह मुख्य रूप से एक बेहतर आर्थिक परिदृश्य और जीवन स्तर को ऊपर उठाने की आकांक्षा से प्रेरित है।

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63050 चांदी रिफाइन - 76300

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63050 चांदी रिफाइन - 76300

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.39 |
| एक यूरो | 91.22 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105 .65 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 14 |
| एक जापानी येन | 00. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 86 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

**मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु आवश्यकता है**

उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट

Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.

MO: - 7880251021
8767693588

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सिविल जज भर्ती नियम संशोधन की वैधानिकता को चुनौती, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल जज भर्ती नियम में किए गए संशोधन की वैधानिकता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल को जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

याचिका पर अगली सुनवाई 1 दिसंबर को निर्धारित की गई है। नरसिंहपुर निवासी अधिवक्ता वर्षा पटेल की तरफ से दायर याचिका में हाईकोर्ट की अनुशंसा पर प्रदेश सरकार न्यायिक सेवा भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई थी। इसके साथ अन्य जिलों के उम्मीदवारों ने भी याचिकाएं दायर कर नियमों का चुनौती दी है। याचिका में कहा गया कि उक्त संशोधन के तहत एलएलबी में 70 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी तीन साल की वकालत के अनुभव के बाद सिविल जज परीक्षा के योग्य होंगे, जो अवैधानिक है। सिविल जज के साक्षात्कार परीक्षा में 50 अंको में से न्यूनतम 20 अंक प्राप्त किए जाने पर ही सिविल जज के पद के योग्य मान्य किया गया है। याचिका में कहा गया है कि नियमों में कहीं भी यह प्रावधान नहीं किया गया है कि अनारक्षित पदों को परीक्षा के प्रथम तथा द्वितीय चरण में कैसे भरा जाएगा। इसके अलावा ओबीसी वर्ग के लिए समस्त योग्यताएं अनारक्षित वर्ग के समान निर्धारित की गई हैं, जो कि संविधान के अनुछेद 14 एवं 16(4) तथा आरक्षण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है।



याचिका में राहत चाही गई है कि हाईकोर्ट की समस्त भर्तियों को निष्पक्ष तथा पारदर्शी बनाने के लिए लोक सेवा आयोग या राज्य की किसी परीक्षा एजेंसी से परीक्षा कराई जाए। याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने विधि एव विधायिक विभाग तथा हाईकोर्ट रजिस्टार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने जवाब पेश करने एक दिन का समय प्रदान किया। याचिकाकर्ता की तरफ वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ तथा रामेश्वर सिंह ठाकुर उपस्थित हुए।

# कजरी के तीन शावक मां के बिना रहने को मजबूर

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बाघिन को बताया आदमखोर



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बाघिन कजरी को आदमखोर घोषित करते हुए उसे बाड़े में कैद कर लिया है। बाघिन को कैद करने के बाद अब उसके तीनों शावक मां के बिना रहने को मजबूर हैं। बाघों के लिए हमेशा से ही उमरिया जिला प्रसिद्ध रहा है, जहां बाघ यहां अपना प्राकृतिक जीवन जी रहे हैं। कभी-कभी बाघ जंगल से लगे गांवों का रुख करते हैं और ग्रामीणों पर हमला भी कर देते हैं। हाल ही में ताजा मामला सामने आया था, जहां कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि कजरी बाघिन के द्वारा ग्रामीणों पर हमला किया जा रहा है। जिस पर प्रबंधन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अब कजरी बाघिन को कैद कर लिया है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की मशहूर बाघिन कजरी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मगधी परिक्षेत्र के बहेरहा इंक्लोजर में कैद कर लिया गया है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन बाघिन को आदमखोर बता रहा है। तो वहींस ग्रामीणों के दबाव में टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कजरी का रेस्क्यू भी कर लिया गया है। जहां बाघिन कजरी के रेस्क्यू हो जाने के बाद कजरी के तीन शावक अब मां के बिना अनाथ जैसे हो गए हैं और अब बाघ प्रेमियों को कजरी और उसके तीन शावको की चिंता भी सता रही है। बाघिन कजरी पर्यटकों की पसंदीदा बाघिन है और इस बाघिन को देखने के लिए पर्यटक लगातार जंगल में घंटो सैर करते हैं। मंगलवार को कजरी को बंद कर दिया गया, जिससे पर्यटक मायूस हैं।

बताया जा रहा है कि टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जल्दबाजी और गोपनीय तरीके से बीते मंगलवार को कजरी को रेस्क्यू किया था। उसे बाड़े में कैद भी कर दिया गया है। वहीं, अब बाघिन कजरी के तीन शावक अपनी मां के बिना रहने के मजबूर हैं। शावक अब जंगल में अकेले ही घूम रहे हैं। बाघिन कजरी की उम्र लगभग 6 वर्ष है जबकि उसके शावकों की उम्र 2 वर्ष से कम है। लेकिन टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने शावकों की उम्र को ध्यान न देते हुए मां का रेस्क्यू कर उसे बाड़े में कैद कर लिया है। वहीं, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि बाघिन कजरी को मानपुर के हरदिया से रेस्क्यू किया गया है और उसके शावकों की निगरानी की जा रही है। बाघिन कजरी के रेस्क्यू के बाद शावकों का भी जीवन खतरे में आ गया है। तो वहीं, रिटायर्ड आईएफएस आर एस सिकरवार ने यह बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वाइल्ड लाइफ प्रशिक्षित अधिकारी नहीं है। यह दुर्भाग्य है और शावक मां के साथ ढाई से तीन साल तक रहते हैं।

### प्रेस नोट में गलत जानकारी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र से बाघिन कजरी का रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि भी की, लेकिन पूरे मामले में विरोध शुरू होने के बाद बांधवगढ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी किया और उसमें बाघिन की जगह बाघ बता दिया। जिसको लेकर भी चर्चाएं हो रही हैं।

देशबन्धु की खबर का असर

# मौसम को देखते हुये कलेक्टर ने स्कूलों का समय बदला

## बारिश और ठंड के बीच सुबह स्कूल जाने मजबूर थे मासूम



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में बीते दिनों से लगातार मौसम का रूख अपना प्रभाव दिखा रहा है। इसी के चलते जबलपुर और आस-पास के क्षेत्रों में कई जगह रूक-रूक कर मावठा का बारिश हो रही है। दिन के तापमान में कमी आई है। वहीं रात के तापमान में किसी भी तरह की गिरावट नहीं दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में संभाग के जिलों में वर्षा या बौछार पड़ने की संभावना जताई है। अभी उत्तर से चलने वाली हवाएं 2 से 3 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि जैसे ही आसमान से बादल छटेंगे, उसी के साथ सर्द हवाओं का असर बढ़ जायेगा। इस बीच सुबह के समय छोटे उम्र के बच्चों को स्कूल जाने मे होने वाली असुविधा को लेकर खबर 30 नवंबर को प्रकाशित की थी, जिसमें जिला प्रशास के मुखिया का ध्यान आकृष्ट कराते हुये जबलपुर में तत्काल सुबह में स्कूल लगने के समय में बदलाव करने की बात उठाई थी। प्रशासन की तत्कालीन बेरूखी को रेखांकित किया। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि छिंदवाड़ा, भोपाल, इंदौर में प्रशासन ने बच्चों की असुविधा को देखते हुये स्कूल के समय बदलाव का निर्देश जारी करते हुये सुबह आठ बजकर तीस मिनट कर दिया है। देशबन्धु की खबर असर देखने को मिला और जबलपुर के हजारों बच्चों एवं उनके परिजनों को राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार 30 नवंबर को 25.5 और 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 27.2 और 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात पानी की बूंद नई टूटी। शाम से लेकर रात तक एक बारगी ऐसा लग रहा था कि अब बारिश रेस्ट मोड पर आ गई है, किंतु 10.30 बजे रात से शुरू हुआ बारिश का क्रम पूरी रात चलता रहा। बीच-बीच में बूंदा-बांदी का सिलसिला कमजोर पड़तापर फिर कुछ समय बाद इसमें तेजी आ जाती। पूरी रात टपका लगा रहा। बारिश की लगातार झड़ी ने सावन के नजारे सरीखा माहौल बना दिया था। रात की बारिश शहरी क्षेत्रों में कम तो ग्रामीण इलाकों में तेज रही। बोवनी के सीजन में हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है। स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक कल रात 8.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसे मिलाकर इस मावठे में अब तक 22.4 मिलीमीटर पानी गिर चुका है, जबकि गए साल इस अवधि में 97.3 मिलीमीटर पानी गिर चुका था। रात में आसमान पर छाए बादलों के कारण तापमान सामान्य से 5 डिग्री ऊपर तक जाकर 17.6 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े तक ऊपर चला गया।

# एक दर्जन होमगार्ड सैनिकों को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से एक दर्जन से अधिक होमगार्ड सैनिकों को राहत मिली है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने आवेदकों को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही उक्त मामले को भी पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने क निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार दिसंबर को निर्धारित की है।

यह मामला दमोह के तुलसीराम तिवारी सहित 12 अन्य होमगार्ड सैनिकों की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उन्हें एक दिसंबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। जबकि शासन ने संशोधन के जरिये एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर तीन साल में दो माह का कॉल ऑफ कर दिया है। इतना ही नहीं वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ दिये जाने की राहत चाही थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाये।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने दस दिन आगे बढ़ाई राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पहले दिसंबर माह में तीन परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की थी। इससे अभ्यर्थी नाराज थे और कांग्रेस के नेतागणों ने भी आपत्ति दर्ज कराते हुए ट्वीट किए थे। दिसंबर माह के 20 दिनों में तीन परिक्षाएं आयोजित करने का विरोध रंग लाया।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग को आखिरकार झुकना पड़ा और राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 और सहायक कुलसचिव की परीक्षा तिथि आगे बढ़ाई। पहले राज्य सेवा परीक्षा दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित की गई थी, लेकिन उसे अब दस दिन आगे बढ़ा दिया गया है। 8 से 13 जनवरी के बीच राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 होगी। पीएससी ने परीक्षा का नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 8 जनवरी को सामान्य अध्यक्ष-1 9 जनवरी को सामान्य अध्ययन-2, 10 जनवरी को सामान्य अध्ययन-3, 11 जनवरी को सामान्य अध्ययन-4, 12 जनवरी को सामान्य हिन्दी और व्याकरण,13 जनवरी को हिन्दी निबंध व प्रारुप लेखन की परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। उधर पीएससी ने सहायक कुलसचिव के साक्षात्कार भी फिलहाल रद्द कर दिए है। अभी उसकी नई तिथि घोषित नहीं हुई है।

मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पहले दिसंबर माह में तीन परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की थी। अभ्यर्थियों ने इस मामले में पीएससी मुख्यालय प्रदर्शन किया था।

इसके बाद लोक सेवा आयोग को भी परीक्षा की तिथियों में फेरबदल करना पड़ा। अब अभ्यर्थी दो से अधिक परीक्षा पर्याप्त तैयारी के साथ दे सकेंगे।

# शहडोल में पटवारी की हत्या के बाद उमा भारती अब अवैध खनन के खिलाफ शुरू करेंगी अभियान



**भोपाल, देशबन्धु।** शहडोल में अवैध खनन रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को द्रवित कर दिया है। अब उन्होंने खनन माफिया के खिलाफ अभियान शुरू करने की घोषणा की है। शहडोल में अवैध खनन रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को द्रवित कर दिया है। अब उन्होंने प्रदेश में खनन माफिया के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह नर्मदा जी का आशीर्वाद लेकर ब्योहारी से अभियान की शुरुआत करेंगी। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन, सत्ता उनके सामने दीन हो गए हैं। क्या अब मुझे लठ लेकर खड़ा होना होगा। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों की मतगणना के तीन दिन पहले भाजपा की तेजतर्रार नेत्री उमा भारती ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। वह मुख्यमंत्री से अकेले में खनन माफिया को लेकर बात करेंगी। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह खुलकर बोलेंगी और आंदोलन शुरू करेंगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भरपूर तारीफ भी की। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यदि मैं पोजिशन में रहकर कोई योगदान नहीं दे सकी तो मेरी पोजिशन का क्या मतलब रह जाएगा?




J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 114 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 104 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 86 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 74 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 82 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु.100 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 110 |

मोबाइल नं. 9300692405




# ट्रेन के सामने कूदी तहसीलदार की बेटी, टुकड़ों में बंट गया शरीर

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के सौंसर जिला में तहसीलदार की 19 वर्षीय बेटी ने देर रात मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इधर शाम 7 बजे से मां मोबाइल फोन पर कॉल कर रही थी लेकिन फोन नहीं उठा, इसके बाद स्विच ऑफ हो गया। बेटी द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से मां स्तब्ध रह गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



छिंदवाड़ा की सौंसर तहसील की तहसीलदार भावना मलगाम की बेटी पलक बीती शाम घर से निकल गई और गुंजरखेड़ी रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। शाम 7 बजे के लगभग तहसीलदार भावना मलगाम घर आई तो देखा कि बेटी पलक नहीं है। उन्होंने आसपास रहने वाले लोगों से पलक के बारे में पूछा, जब कोई जानकारी नहीं मिली तो मोबाइल फोन किया लेकिन फोन भी रिसीव नहीं हुआ, कुछ देर बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। बेटी पलक का फोन स्विच ऑफ होने से मां घबरा गई, उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रात 11 बजे के लगभग कुछ लोगों ने रेलवे ट्रेक पर लड़की की क्षत-विक्षत हालत में लाश देखी तो पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त पलक के रुप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद तहसीलदार भावना मलगाम अपने बेटी पलक की पार्थिव देह बालाघाट ले गया, जहां पर बेटी का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि पलक के पिता का बीमारी के चलते दस वर्ष पहले निधन हो गया था। मां ही दोनों बच्चों की परवरिश कर रही थी। पांच माह पहले ही परिवार सौंसर शिफ्ट हुआ था।

